हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया काव्य संग्रह में संस्कृति की महक है : डॉ पाठक



**बिलासपुर।** हरिहर आक्सीजोन एवं प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी द्वारा विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन हरिहर आक्सीजोन कोनीं में किया गया। इसके मुख्य अतिथि अनिल टाह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. विनय कुमार पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, भुवन वर्मा, डॉ एल सी मढरिया थे। इस अवसर पर गीतकार राम निहोरा राजपूत की काव्य संग्रह छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि श्री टाह ने कहा कि हरिहर आक्सीजोन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जितनी तारीफ की जाए कम है। डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि राम निहोरा राजपूत एक कुशल गीतकार,गायक हैं इनके काव्य संग्रह छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया में शामिल गीतों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति की महक, धार्मिकता और माटी की सुगंध है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ मढरिया, रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, कार्तिकेय गोयल कवि विजय तिवारी, शत्रुघन जैसवानी एवं शीतल प्रसाद पाटनवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### एलसीआईटी कालेज के दो खिलाड़ियों का चयन



**बिलासपुर।** एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस बोदरी के दो कबड्डी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी (पुरुष) प्रतियोगिता का कबड्डी टीम में हुआ है, क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की राज्य स्तरीय कबड्डी पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता दुर्गा महाविद्यालय की मेजबानी मे आयोजित है, राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में एलसीआईटी कॉलेज के छात्र सागर पटेल व रविकांत पाण्डेय का चयन हुआ है। इन दोनों खिलाड़ियों का चयन होने पर एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उप संस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय बधाई दी।

### महिला कबड्डी प्रीमियर लीग 64 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**बिलासपुर।** महिला कबड्डी प्रीमियर लीग का ट्रायल राजनांदगांव कमला कॉलेज के इनडोर स्टेडियम में हुआ। ट्रायल में न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों ने भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए संदेश दिया। कबड्डी प्रीमियर लीग के मीडिया प्रभारी पीतांबर सिंह पोर्ते ने बताया कि 64 खिलाड़ियों ने प्रीमियर लीग के टीम में अपना स्थान सुनिश्चित करने ट्रायल में हिस्सा लिया। राज्य से राष्ट्रीय स्तर पर महिला खिलाड़ियों को पहचान दिलाने के साथ खिलाड़ियों को अनुभव प्रदान करने छत्तीसगढ़ कबड्डी प्रीमियर लीग का उद्देश्य सफल हो रहा है। इसी तारतम्य में बिलासपुर जिला के महिला खिलाड़ियों के लिए चिंगरापारा में रविवार को ट्रायल कार्यक्रम होना है। ट्रायल पश्चात चयनित खिलाड़ियों को ऑक्शन प्रक्रिया से टीमों में शामिल किया जाएगा। टीम मालिक खिलाड़ियों पर बोली लगाएंगे और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेंगे। सफल बनाने संरक्षक जीडी गर्ग, सहायक संचालक शिक्षा चेयरमैन भारत राज,सचिव मुकेश कुमार साहू,सहायक चेयरमैन कौशल कश्यप, कोषाध्यक्ष पीलूराम पारकर,उपकोषाध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा,सह सचिव नारायण यादव जुटे रहे।

### सब जूनियर बास्केटबॉल स्पर्धा के लिए शहर के पांच खिलाड़ियों का चयन

**बिलासपुर।** 50वीं सब जूनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता उत्तराखंड में आयोजित होना है, जिसमें प्रदेश की बालिका एवं बालक टीम के लिए जिला से 5 खिलाडियों का चयन प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में चयनकर्ताओं ने बालक एवं बालिका वर्ग से अंतिम 12-12 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिसमें जिले से 6 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। जिसमें पांच खिलाड़ियों का अंतिम चयन किया गया, इस टीम में छत्तीसगढ़ स्कूल बास्केटबॉल मैदान के एरिक सूर्यवंशी, सूर्य प्रताप सिंह, लुकमान खान एवं परी पासवान, मीमांशा साहू छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल टीम के लिए चयन किया गया है। इस शानदार उपलब्धि पर जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव अमित मंडल,प्रवीण बिसेन, श्री ई जेकब,डॉ गोपाल कृष्ण पाठक, धीरेंद्र सिंह, प्रदीप वर्मा शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## दोपहर तक चलता रहा प्रतिमाओं का विसर्जन



**बिलासपुर।** शहर सहित जिले में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुक्रवार की रात को किया गया, इस दौरान प्रतिमाओं को अरपा नदी में विसर्जित करने के लिए सड़कों पर झांकियां और प्रतिमाओं को निकाला गया, बारिश के कारण विसर्जन में काफी लेटलतीफी होती रही। झमाझम बारिश के कारण पूरी सड़क पर जाम लगा रहा, श्रद्धालुओं का तांता भी लगा रहा, दुकानों के सामने लोग जमे रहे।

कई साल बाद दुर्गा विसर्जन के दौरान हुई बारिश ने समितियों की व्यवस्था पर पानी फेर दिया। शुक्रवार की शाम से ही दुर्गा प्रतिमओं का विसर्जन जारी रहा, इस दौरान रूक-रूक कर झमाझम बारिश होती रही, जिसके चलते समितियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी, तेज बारिश के कारण एलईडी लाइट, स्क्रीन, डीजे जैसे इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों को बंद करना पड़ा, जिससे विसर्जन का मजा फीका हो गया। इसके बावजूद कुछ समितियों में उत्साह रहा और गाजे-बाजे के साथ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन अरपा नदी के तट किया गया। सबसे अधिक भीड़ अरपा चौपाटी, परची घाट पर रही। शाम से ही प्रतिमाओं के विसर्जन और झांकी के लिए लोगों की भीड़ सड़कों के किनारे जमने लगी थी, लेकिन बारिश के खलल के बाद भीड़ आधी हो गई।

अब 15 अक्टूबर तक आनलाइन भर सकेंगे पूरक परीक्षा फार्म

# आखिर यूनिवर्सिटी ने बढ़ाई पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल यूनिवर्सिटी ने आखिरकार पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि आगे बढ़ा दी है। अब पूरक वाले विद्यार्थी बिना विलंब शुल्क के साथ 15 अक्टूबर तक आनलाइन पूरक परीक्षा फार्म भर सकेंगे। पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाए जाने से पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना वाले विद्यार्थियों को राहत मिली है, क्योंकि पुनर्मूल्यांकन के नतीजे आए बिना परीक्षा फार्म भरने की तिथि समाप्त हो गई थी और परीक्षा कार्यक्रम जारी हो गया था।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना के अनुसार अब कालेजों में पूरक आए विद्यार्थी बिना विलंब शुल्क के साथ 15 अक्टूबर तक आनलाइन पूरक परीक्षा का फार्म भर सकते हैं। इस बीच यूनिवर्सिटी द्वारा पुनर्मूल्यांकन के नतीजे भी घोषित कर दिया जाएगा। वहीं पुनर्गणना के नतीजे यूनिवर्सिटी ने शनिवार को जारी कर दिया। इधर पूरक विद्यार्थियों द्वारा भरे गए आनलाइन पूरक परीक्षा फार्म की हार्डकापी आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित कालेज में 17 अक्टूबर तक जमा करना होगा। इसी तरह कालेजों को सारे दस्तावेज विधिवत अग्रेषित यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग में 24 अक्टूबर तक जमा कराना होगा। यूनिवर्सिटी द्वारा पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाए जाने से पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना फार्म भरे विद्यार्थियों को राहत मिली है। क्योंकि पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना के नतीजे घोषित होना बाकी था और पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि समाप्त हो गई थी। इसलिए पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना वाले विद्यार्थी परेशान हो रहे थे।


दस दिनों बाद पूरक परीक्षा | यूनिवर्सिटी ने जारी नहीं किए अभी तक पुनर्मूल्यांकन व पुनर्गणना के नतीजे
पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना वाले स्टूडेंट पशोपेश में

### अपेक्षाकृत कम अंक मिलने से करा रहे पुनर्मूल्यांकन

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा मुख्य परीक्षा के परिणाम घोषित किए जाने के बाद कई छात्र-छात्राओं रिजल्ट खराब आया था। कई विद्यार्थी कुछ नंबरों के चलते पूरक आ गए थे तो कुछ दो विषयों में फेल हो गए थे। उन विद्यार्थियों के अनुसार उन्हें अपेक्षाकृत कम नंबर मिले, जिससे उनका परीक्षा परिणाम खराब आया था। इसलिए ऐसे विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी में पुनर्मूल्यांकन, पुनर्गणना का फार्म भरा है और उन्हें नतीजे आने का इंतजार है।

### बढ़ाई गई है तिथि

पूरक परीक्षा फार्म भरने की तिथि आगे बढ़ा दी गई है और अब पूरक के छात्र 15 अक्टूबर तक पूरक परीक्षा का फार्म भर सकते हैं। यूनिवर्सिटी ने पुनर्गणना के परिणाम जारी कर दिए हैं और जल्द ही पुनर्मूल्यांकन के नतीजे भी घोषित कर दिए जाएंगे।

**-डॉ. तरूणधर दीवान**
परीक्षा नियंत्रक, एयू

### ऑल इंडिया सर्वे पोर्टल में कई कालेजों ने अपलोड नहीं की जानकारी

ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन पोर्टल में सत्र 2024-25 की जानकारी सभी कालेजों को अपलोड करना है, लेकिन निर्धारित समय पर कालेजों द्वारा जानकारी नहीं दी गई है, इसलिए अटल यूनिवर्सिटी ने संबद्ध कालेजों के प्राचार्य, नोडल अधिकारियों को ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन पोर्टल में कालेज से संबंधित जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। यूनिवर्सिटी की ओर से कालेजों को जारी निर्देश में कहा गया था कि सत्र 2024-25 के लिए ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन के पोर्टल पर कालेजों को अपनी जानकारी वेब डेफ के माध्यम से अपलोड करना है। सभी कालेजों को 15 सितंबर तक अपने कालेजों की जानकारी पोर्टल अपलोड करना था। लेकिन इसके बाद भी समय पर कई कालेजों द्वारा पोर्टल में जानकारी अपलोड नहीं की गई, जिस पर संबंधित कालेजों की लिस्ट जारी करते हुए यूनिवर्सिटी ने उन कालेजों के प्राचार्य व नोडल अधिकारियों को सर्वे पोर्टल में जानकारी अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। यह उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक वार्षिक सर्वेक्षण है। यह सर्वेक्षण उच्च शिक्षा संस्थानों से डेटा एकत्र करता है, जिसमें छात्र नामांकन, शिक्षक डेटा, बुनियादी ढांचा और वित्तीय जानकारी आदि शामिल है। इसका उद्देश्य देश में उच्च शिक्षा प्रदान करने वाले सभी संस्थानों की पहचान करना और उन पर डेटा एकत्र करना है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नीति निर्माताओं और हितधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत है जो उन्हें निर्णय लेने में सहायता प्रदान करता है।

## सकरी में दिव्यांगों के लिए बनेगा कम्युनिटी हॉल


एमआईसी सदस्यों से बैठक में चर्चा करती मेयर पूजा विधानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम के विकास भवन स्थित दृष्टि सभा कक्ष में शनिवार को महापौर पूजा विधानी की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक आयोजित की गई।

■ मेयर इन काउंसिल की बैठक में 11 प्रस्तावों पर हुई चर्चा

बैठक में 11 प्रस्तावों पर चर्चा करने के बाद प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। पहले प्रस्ताव में सीवरेज परियोजना के तहत तीन संचालित पंपिंग स्टेशन तोरवा, चिंगराजपारा और राजकिशोर नगर के दो वर्ष के रखरखाव के लिए 2.25 करोड़ रुपए खर्च की स्वीकृति दी गई। वहीं सकरी में दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्पेशली एबल्ड कम्युनिटी हॉल बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसके लिए दो एकड़ भूमि के आवंटन की अनुशंसा की गई। तीसरे प्रस्ताव में बहतराई, राजकिशोर नगर, देवरीखुर्द और सिरगिट्टी में जल आपूर्ति प्रणाली के उन्नयन के लिए 7.64 करोड़ रुपए की निविदा स्वीकृत की गई। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट रखरखाव के लिए 20 अतिरिक्त श्रमिकों की नियुक्ति का निर्णय लिया गया। बैठक में सभापति विनोद सोनी, आयुक्त अमित कुमार सहित सभी एमआईसी सदस्य मौजूद रहे।

एमआईसी की बैठक में सीसी रोड और नाला निर्माण के कई प्रस्तावों को भी मंजूरी दी गई। जोन-7 में 1.26 करोड़, गुरुनानक चौक से मोपका तक 4.32 करोड़ और सिरगिट्टी क्षेत्र में 6.26 करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य कराए जाएंगे। इसके साथ ही 15वें वित्त आयोग के तहत सिरगिट्टी चौक से गोकने नाला तक दोनों ओर आरसीसी नाली निर्माण के लिए 3.26 करोड़ रुपए के कार्य को स्वीकृति दी गई।

## तोखन ने की सांसद खेल महोत्सव की तैयारी की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने आगामी सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में बैठक ली। इसमें बिलासपुर व मुंगेली जिले के प्रशासनिक अधिकारी और संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

■ एक लाख से अधिक लोगों ने कराया पंजीयन

इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त अमित कुमार उपस्थित रहे। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सांसद खेल महोत्सव के लिए अब तक 1 लाख से अधिक लोगों का पंजीयन हो चुका है। प्रतियोगिता को ग्राम, जनपद एवं संसदीय क्षेत्र स्तर पर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। ग्राम और जनपद स्तर की प्रतियोगिताएं नवंबर में होगी। इनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी दिसंबर में बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित संसदीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें बिलासपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल विकासखंडों और नगरीय निकायों के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में कबड्डी,वॉलीबॉल, फुटबॉल, रस्साकसी, रिले रेस, तीरंदाजी, बोरा दौड़ जैसी अन्य प्रतियोगिताएं होंगी। श्री तोखन ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक उत्सव की तरह है, जिसमें सभी की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। खेलों के प्रचार-प्रसार के लिए फ्लैक्स, बैनर, सोशल मीडिया के माध्यमों का उपयोग किया जाए।

## सीवीआरयू में एआईयू कबड्डी स्पर्धा कल से



**बिलासपुर।** डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय को ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संगठन ने ईस्ट जोन कबड्डी प्रतियोगिता टूर्नामेंट महिला-पुरुष वर्ग की मेजबानी मिली है। विश्वविद्यालय में ईस्ट जोन यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट का आयोजन 6 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसमें पुरुष वर्ग में 56 विश्वविद्यालय के और महिला वर्ग से 44 विश्वविद्यालय के कुल 1600 खिलाड़ी और अधिकारी शामिल होंगे।

इस टूर्नामेंट में कुल नौ राज्यों के खिलाड़ी प्रदर्शन करेंगे। विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय ने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। खेलो इंडिया खेलों में यह विश्वविद्यालय कबड्डी स्पर्धा में कास्य पदक प्राप्त करने वाला छत्तीसगढ़ का पहला विश्वविद्यालय है। इसी तरह प्रो कबड्डी में हमारे विश्वविद्यालय के खिलाड़ी संस्थान मिश्रा को 95 लाख रुपए में ऑप्शन के माध्यम से हरियाणा स्टीलर में अनुबंध किया गया है। योग के क्षेत्र में छात्र विभांशु बंजारे ने अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त कर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। इसी तरह कराते खिलाड़ी बेंजिल एटकिंस ने भी विश्व कप कराते जापान के लिए क्वालीफाई किया है। विवि की महिला खिलाड़ी ने कबड्डी, कुश्ती, तीरंदाजी आदि खेलों में अखिल भारतीय स्तर पर लगातार प्रतिनिधित्व किया है। इसी क्रम में हमें कबड्डी पुरुष एवं महिला स्पर्धा की मेजबानी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी संगठन ने दी है। यह आयोजन 6 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक पुरुष कबड्डी स्पर्धा एवं 11 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक महिला कबड्डी स्पर्धा होगी। जिसमें देश के नौ राज्यों से कुल 1600 खिलाड़ी और अधिकारी शामिल होंगे।

### इन राज्यों के खिलाड़ी होंगे शामिल

इस प्रतियोगिता में असम, मणिपुर, त्रिपुरा, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और मेजबान छत्तीसगढ़ के महिला पुरुष खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का परिचय देंगे।






तापमान
अधिकतम 30.6 डिग्री
न्यूनतम 24.8 डिग्री

हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025
बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


सिटी कोतवाली थाना की छत से टपक रहा बारिश का पानी। जिससे काम करने में हो रही परेशानी।

## कबाड़ कांड : एमआईसी मैंबर ने जोन कमिश्नर पर लगाया आरोप

# निगम की संपत्ति को कबाड़ में बेचने के नाम पर दिन भर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर में इन दिनों "कबाड़ कांड" की गूंज तेज है। वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद सीमा संजय सिंह ने निगम के जोन क्रमांक 2 के एक अधिकारी पर निगम की संपत्ति को कबाड़ी को बेचने का गंभीर आरोप लगाते हुए निगम कमिश्नर को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत के बाद निगम मुख्यालय में हड़कंप मच गया, और कमिश्नर ने प्राथमिक जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। इस मामले को लेकर शनिवार को दिनभर विकास भवन में गहमा गहमी का माहौल रहा। सत्ता पक्ष के ही पार्षद और एमआईसी मेंबर द्वारा इस तरह के आरोप लगाए जाने पर लोग बातें भी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि तिफरा क्षेत्र की पार्षद और एमआईसी मेंबर सीमा सिंह ने आरोप लगाया कि जोन कमिश्नर ने निगम की ट्रैक्टर-ट्रॉली और पानी के टैंकर जैसे महत्वपूर्ण वाहन पहले "मरम्मत" के बहाने गायब करवाए, फिर बाद में कबाड़ियों को बेच डाला। शिकायत में पार्षद का कहना है कि उन्होंने कई बार इन वाहनों की जानकारी मांगी, लेकिन हर बार टालमटोल वाले जवाब दिए गए। इस बारे में पार्षद का कहना है कि यह सब निगम की संपत्ति जनता की है, किसी अधिकारी की निजी नहीं, लेकिन यहां तो पूरा माल ही गायब कर दिया गया है।


■ ट्रैक्टर-ट्राली और पानी के टैंकर जैसे महत्वपूर्ण वाहन मरम्मत के बहाने गायब करवा दिए गए

### दस्तावेज व रिकार्ड की जांच

इधर जैसे ही शिकायत निगम कमिश्नर के पास पहुंची, पूरे निगम दफ्तर में हलचल मच गई। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में यह संकेत मिले हैं कि कुछ वाहन व उपकरण वाकई कबाड़ में बेचे गए हैं। अब निगम प्रशासन इस मामले में दस्तावेज और रिकार्ड की जांच करवा रहा है। शनिवार को पार्षद सीमा सिंह और उनके प्रतिनिधि ने निगम कार्यालय में वरिष्ठ पार्षदों और अधिकारियों के सामने कड़ी नाराजगी जाहिर की। साफ चेतावनी दी गई है कि अगर इस मामले में दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो हम धरने पर बैठने से पीछे नहीं हटेंगे। इधर यह बयान आते ही मामला और गरमा गया है। कई पार्षदों ने आंतरिक भ्रष्टाचार और संपत्ति प्रबंधन में गड़बड़ियों पर सवाल खड़े किए हैं।

## खबर संक्षेप

### पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच की बैठक आज

**बिलासपुर।** पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच छठ घाट की आगामी छठ पर्व के लिए रविवार 5 अक्टूबर को शाम 4 बजे तोरवा छठ घाट सामुदायिक भवन में आमसभा बैठक आयोजित की गई है। मंच के अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र दास ने इस बैठक में पाटलिपुत्र संस्कृति विकास मंच, भोजपुरी समाज, सहजानंद समाज एवं अन्य समाज के छठी मैया के भक्तों से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया है। बैठक में तैयारी के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श किया जाएगा।

### बर्जेस व मिशन स्कूल में शासन ने बदली समिति

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन की वर्तमान कार्यकारिणी समिति को शासन ने तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। न्यायालय रजिस्ट्रार, फर्म एवं संस्थान, रायपुर ने यह आदेश जारी किया है। दरअसल वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा असंवैधानिक कार्य, चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता तथा वित्तीय अनियमितताओं की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। समिति के पदाधिकारियों द्वारा विद्यालयों के कर्मचारियों के निलंबन, स्थानांतरण, जांच और नियुक्ति जैसे कार्य शिक्षा संहिता के विरुद्ध किए जा रहे थे। रजिस्ट्रार, फर्म एवं संस्थान के आदेश के अनुसार, बिशप सुषमा कुमार, नितिन लॉरेंस और जयदीप रॉबिन्सन की टीम को हटा दिया गया है। इसके स्थान पर वर्ष 2022 की समिति को पुनः मान्यता दी गई है।

# गिरदावरी : 2 लाख 43 हजार 498 खसरों की फसलों का किया सर्वेक्षण

**बिलासपुर।** गिरदावरी के अंतर्गत बिलासपुर जिले में 2 लाख 43 हजार 498 खसरों स्थित भूमि में लगाए गए फसलों का सर्वेक्षण किया गया है। फसल सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो गया है और शासन के डेट लाइन अनुसार 30 सितंबर तक सर्वेक्षण पश्चात गिरदावरी रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

■ 30 सितंबर तक पूरा करना था सर्वेक्षण

■ शासन को भेजी गई गिरदावरी रिपोर्ट

शासन की ओर से गिरदावरी के लिए डेढ़ माह का समय दिया गया था और 15 अगस्त से गिरदावरी तहत फसलों के सर्वेक्षण का काम चालू किया गया था, जिसे हर हाल में 30 सितंबर तक पूरा करने कहा गया था। गिरदावरी एक तरह से भू राजस्व दस्तावेज होता है जिसे पटवारी द्वारा तैयार किया जाता था। इसमें किसी खेत में बोई गई फसल, भूमि का मालिक और भूमि का उपयोग दर्ज किया जाता है। यह रिकार्ड फसल बीमा, सरकारी योजनाएं और राजस्व निर्धारण के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। गिरदावरी में भूमि का उपयोग जैसे जमीन पर कौन सी खेती की जा रही है। फसल का विवरण खेत में कौन सी फसल बोई गई है। भूमि मालिक कौन है और खसरा नंबर तथा सिंचाई का माध्यम आदि जानकारी ली जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए गिरदावरी जरूरी है। सरकार को भू-राजस्व निर्धारित करने के लिए इस रिकार्ड की जरूरत होती है। किसानों द्वारा बोई गई फसलों का सही विवरण दर्ज होने से प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आती है। गिरदावरी तहत जिले में 2 लाख 43 हजार 498 खसरा नंबरों स्थित भूखण्डों में फसलों का सर्वेक्षण किया गया है और भुईयां पोर्टल में इसकी प्रविष्टी भी हो गई है। इसके पश्चात गिरदावरी रिपोर्ट शासन को भेज दिया गया है।

### मोबाइल के जरिए डिजिटल फसल सर्वेक्षण

इस बार फसल सर्वेक्षण मोबाइल के माध्यम से डिजिटल कराया गया। इसके लिए गांवों के स्थानीय युवा मौके पर खेतों पर जाकर अपने मोबाईल फोन के जरिए एप में जानकारी अपलोड किए। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य में इस बार गांवों के दसवीं-बारहवीं उत्तीर्ण से लेकर एग्रीकल्चर में ग्रेजुएट युवाओं को लगाया गया था। प्रत्येक सर्वेक्षणकर्ताओं को 40-50 खसरे प्रतिदिन सर्वेक्षण करना था, उसी के हिसाब से सर्वेक्षणकर्ता नियुक्त किए गए थे। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य में लगे युवाओं को प्रत्येक सर्वे के लिए एप के माध्यम से सही सर्वेक्षण अपलोड करने और स्वीकृत हो जाने की दशा में 10 रुपए प्रति खसरा मानदेय के रूप में दिया गया। डिजिटल फसल सर्वेक्षण का सुपरविजन कार्य संबंधित हल्का पटवारी कर रहे थे तथा डिजिटल फसल सर्वेक्षण अंतर्गत किए गए प्रविष्टियों का सत्यापन राजस्व निरीक्षकों द्वारा किया जा रहा था।

# आधी से ज्यादा राशि भूजल संसाधन में खर्च करनी होगी

**बिलासपुर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी मनरेगा में अब भूजल संसाधन को प्राथमिकता दिया जाएगा और मनरेगा के बजट की आधी से ज्यादा राशि भूजल संसाधन पर खर्च की जाएगी। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने मनरेगा के नियमों में संशोधन कर दिया है और ओवर एक्सप्लोटेड, क्रिटिकल व सेमी क्रिटिकल और सेफ चार श्रेणियों में बांटा है।

■ ग्रामीण विकास मंत्रालय ने किया नियमों में संशोधन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण योजना है। इसमें जॉब कार्डधारी परिवारों के सदस्यों को निश्चित दिवस तक रोजगार दिया जाता है। मनरेगा अंतर्गत हितग्राहीमूलक कार्य एवं सामुदायिकमूलक कार्य दो तरह के कार्य स्वीकृत किए जाते हैं। इसमें सामुदायिकमूलक कार्यों में जल संरक्षण कार्य, अधोसंरचना कार्य, भवन निर्माण, पहुंच मार्ग, कृषि आधारित कार्य, भूमि समतलीकरण, तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, डबरी निर्माण, कुआं निर्माण, नए तालाब निर्माण, रिचार्ज टेंक, चेकडेम, स्टाप डेम, सड़क निर्माण, पौधरोपण, शेड निर्माण, चबूतरा निर्माण जैसे बहुत सारे काम किए जाते हैं। इसी तरह हितग्राहीमूलक कार्यों में पशुपालन, मुर्गी पालन, भेड़ पालन, सुअर पालन, पौधरोपण, भूमि सुधार, डबरी निर्माण अदि कार्य आते हैं। लेकिन अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में कुछ और प्रावधान जोड़े गए हैं।




### महिला की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने रायपुर की महिला की गिरफ्तारी पर रोक जारी रखने का आदेश दिया है। रायपुर निवासी एक महिला ने याचिका दायर कर बताया कि उनके पड़ोसी लंबे समय से परेशान कर रहे हैं। 12 अप्रैल 2025 को उन्होंने पहली शिकायत थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद 12 सितंबर की रात आरोपियों ने महिला पर हमला किया। अगले दिन महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। महिला का आरोप है कि जब उन्होंने केस वापस लेने से मना कर दिया तो उसी दिन रात में ही उन पर झूठा मामला दर्ज करा दिया गया। हाईकोर्ट चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु की डिविजन बेंच ने इस याचिका पर सुनवाई की।



## खबर संक्षेप

### साहू संघ के बोदरी तहसील अध्यक्ष बने केशव



**बोदरी।** बोदरी तहसील साहू संघ का चुनाव कलुवा बाबा आश्रम में हुआ, जिसमें सर्व सहमति से केशव साहू नगपुरा वाले को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष परस राम साहू, महिला उपाध्यक्ष निकिता साहू, सचिव शकुंतला साहू एवं संगठन सचिव भरत साहू बने।

### श्रम विभाग के रजत जयंती सप्ताह का समापन

**मुंगेली।** श्रम विभाग की ओर से 12 से 19 सितम्बर तक रजत जयंती सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के ग्राम पंचायत भटगांव, झझपुरी कला, नगर पंचायत बरेला, ग्राम पंचायत पंडरभट्ठा एवं कुसुम स्मेल्टर्स, रामबोड़ में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सप्ताह के अंतर्गत 500 से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन, 50 हितग्राहियों का नवीनीकरण तथा 1 हजार से अधिक श्रमवीरों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान 17 सितम्बर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 1 हजार 692 श्रमिकों को डीबीटी के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया। विगत सप्ताह आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्रमिकों को "श्रमेव जयते" एप के माध्यम से स्वयं पंजीयन, नवीनीकरण एवं योजना आवेदन की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

### अभियान चलाकर तालाब परिसर की सफाई

**करगीरोड कोटा।** नगर पंचायत में 'स्वच्छता ही सेवा' एवं 'रजत जयंती वर्ष' के उपलक्ष्य में वार्ड क्र 13 स्थित कोटसागर तालाब परिसर में श्रमदान देकर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर अपेक्स स्कूल के छात्र-छात्राएं, स्वच्छता दीदी एवं नगर पंचायत स्टाफ ने पीपीई किट पहनकर श्रमदान किया और नगर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य नपा अधिकारी राहुल कुमार यादव, अपेक्स स्कूल के डायरेक्टर, स्वच्छता दीदियां, पीआईयू टीम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। श्रमदान के दौरान प्रतिभागियों ने तालाब क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर मुख्य नगर पंचायत अधिकारी राहुल कुमार यादव ने कहा कि, स्वच्छता केवल अभियान नहीं बल्कि हमारी जिम्मेदारी है। सभी नागरिकों को मिलकर अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना चाहिए।

## सूखे पेड़ों का हवाला देकर वन विभाग छुपा रहा सच

# सागौन कटाई का मामला, राजस्व रिकॉर्ड को नहीं मान रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

अवैध प्लाटिंग के लिए रास्ता बनाने भू-माफिया द्वारा सागौन प्लांटेशन में लगे पेड़ों की कटाई के मामले में डीएफओ के आदेश पर रेंजर ने परिक्षेत्र सहायक से जांच कराकर महज एक घंटे में ही 4 से 5 पेड़ कटने की रिपोर्ट सौंप दी थी। यह जांच की रिपोर्ट डीएफओ के गले नहीं उतरी, जिसके बाद एसडीओ के नेतृत्व में जांच दल का गठन किया है। मामले में नया मोड़ उस वक्त आया, जब रेंजर अनिमेष सिंह ने प्लांटेशन क्षेत्र को विभाग के आधिपत्य की भूमि मानने से इनकार कर दिया है।

सकरी में 128 एकड़ वन भूमि पर 2004-05 में वन विभाग की ओर से सागौन का प्लांटेशन कराया गया था, जो अब पेड़ का रूप ले चुके हैं। इससे लगी निजी कृषि भूमि के स्वामियों ने अपनी जमीन पर अवैध प्लॉटिंग करने के लिए सड़क का निर्माण किया है। सड़क की जद में आने वाले सागौन के पेड़ों को बिना अनुमति अवैध तरीके से काटा गया है। साथ ही यहां पर लकड़ी की अवैध तस्करी करने वालों की भी काफी सक्रियता है। मामले की संवेदशीलता को समझते हुए डीएफओ नीरज यादव ने एसडीओ के नेतृत्व में जांच का निर्देश दिया। एसडीओ, रेंजर, सकरी पटवारी सहित वन अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की, जिसमें बड़ी संख्या में कटे हुए पेड़ों के ठूंठ मिले। रेंजर इसे सूखे पेड़ का ठूंठ बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं, जबकि ऐसा नहीं है। डीएफओ के निर्देश के बाद भी स्थानीय वन अधिकारी जांच में लीपापोती करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस दौरान वन्यप्रेमी राहुल श्रीवास भी जांच स्थल पर पहुंचे और हरे कटे पेड़ दिखाए, लेकिन अधिकारी उनसे सहमत नहीं हुए।



मौके पर जांच के लिए पहुंचे अप

### 74 पेड़ों के ठूंठ मिले

74 पेड़ों के ठूंठ गिनती में पाए गए हैं, सारे सूखे पेड़ थे। वर्तमान में प्लांटेशन की जमीन वन विभाग की है, यह क्लियर नहीं है। हमने दस्तावेज राजस्व विभाग से मंगाया है एवं प्लांटेशन एरिया में कांटा तार फेंसिंग की अनुशंसा अपने प्रतिवेदन में करते हुए एसडीओ साहब को कार्रवाई हेतु दिया है।

-अनिमेष सिंह, रेंजर तखतपुर वन परिक्षेत्र

### जरूरी कदम उठाएंगे

इस एरिया में पर्यटन क्षेत्र बनाने की व्यापक संभावना है। निश्चित तौर पर ये पेड़ हमारी जिम्मेदारी हैं, हम इसे संरक्षित करने आवश्यक कदम उठाएंगे।

-टीआर मड़ाई, एसडीओ

### मौके पर गए थे पटवारी

एसडीएम के निर्देश पर मैंने पटवारी को मौके पर भेजा था, जहां अवैध कटाई होना पाया गया है। लेकिन जिस जमीन पर ये कटाई हुई है, वो राजस्व रिकॉर्ड में वन भूमि के रूप में दर्ज है। इस पर कार्रवाई का अधिकार वन विभाग को है। पटवारी ने प्रतिवेदन जमा कर दिया है।

-राहुल शर्मा, तहसीलदार सकरी

### पटवारी प्रतिवेदन में खुलासा

एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार राहुल शर्मा ने हल्का पटवारी सकरी को मौके पर परीक्षण करने के लिए भेजा। पटवारी ने निरीक्षण कर राजस्व रिकॉर्ड के परीक्षण के बाद अपने प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से उल्लेखित किया कि, यहां अवैध कटाई हुई है। साथ ही उल्लेख किया गया कि, जिस क्षेत्र में यह अवैध कटाई हुई है, वह खसरा नंबर 1/1 महल नंबर 2 की भूमि है, जिसका रकबा 11.8650 हेक्टेयर है। उक्त भूमि राजस्व रिकॉर्ड में वन विभाग नर्सरी के नाम पर दर्ज है, और उनके आधिपत्य की है। चूंकि मामला वन विभाग की भूमि पर लगे वृक्षों की अवैध कटाई का है, इसलिए काटे गए पेड़ों की संख्या और कटाई करने वाले की रिपोर्ट प्राप्त करने पटवारी ने वन विभाग से अनुशंसा की है।

### विभाग देता है वन भूमि का हवाला

सकरी में एक बड़ा भू-भाग वन विभाग के नाम पर दर्ज है। जब ही शासन की कोई महत्वपूर्ण योजना आती है, तो उसके क्रियान्वयन के लिए भूमि ढूंढना पड़ता है। वन विभाग के नाम पर दर्ज भूमि में निर्माण हेतु जब स्थानीय प्रशासन एनओसी की मांग करता है, तो वन विभाग इसे विभागीय भूमि बताकर देने से इनकार कर देता है। अब, जब विभाग की अवैध कटाई के मामले में फजीहत होती दिख रही है, तब इस जमीन को ही अपना मानने से इनकार किया जा रहा है। वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण ही सकरी थाना भवन बिलासपुर मुंगेली मुख्यमार्ग में बनाना पड़ा। इसी तरह राजस्व विभाग के खुद का तहसील कार्यालय भवन वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण ग्राम परसदा में बनाना पड़ा। नगर का महाविद्यालय भवन के लिए भी विभाग ने एनओसी नहीं दी, जिसके कारण मंडी की जमीन पर महाविद्यालय भवन निर्माण प्रस्तावित किया गया है।



## संघ के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन कर दिया राष्ट्र प्रेम का संदेश

- आरएसएस का ध्येय सेवा, संगठन और संस्कार : चौहान
- संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सकरी में भव्य कार्यक्रम

**सकरी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सकरी उपखंड में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने पूर्ण उत्साह और अनुशासन के साथ पथ संचलन कर राष्ट्रभक्ति और संगठन की एकता का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह शाखा स्थल पर संघ प्रार्थना के साथ हुई, इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने खाकी गणवेश में पूरे नगर में पथ संचलन किया।

पथ संचलन मानस मंच पुराना बाजार से आरंभ हो कर स्वामी आत्मानंद स्कूल, बजरंग पारा, शांति नगर, हांफा रोड, बिलासपुर-मुंगेली मुख्यमार्ग होते हुए कुम्हारपारा से वापस पुराना बाजारपारा पहुंचा, जहां सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य वक्ता सुनील चौहान सह जिला बौद्धिक प्रमुख ने कहा कि, संघ की 100 वर्ष की यात्रा सेवा, संगठन और संस्कार की रही है। आज का पथ संचलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति हमारी निष्ठा और समर्पण का प्रतीक है। सामाजिक समरसता, आपदा सेवा, बाल संस्कार केंद्र जैसे कार्यों के माध्यम से संघ समाज के हर स्तर को जोड़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि, संघ की शाखा राष्ट्र को एक अदृश्य शक्ति देती है। यहां हर स्वयंसेवक देश के लिए जीने और मरने की प्रेरणा प्राप्त करता है। यह आयोजन संघ की वैचारिक गहराई, सामाजिक प्रतिबद्धता और राष्ट्रसेवा के संकल्प को प्रकट करता है। खतपुर खंड के संघ चालक गलीराम प्रजापति ने कहा कि, संघ की प्रेरणा से आज महिलाएं भी समाज सेवा और संस्कार निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। सुखदेव निर्मलकर ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आभार प्रदर्शन सकरी उपखंड कार्यवाहक नोहर श्रीवास ने किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष वस्त्रकार, सकरी भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि मेहर, जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, पूर्व बैंक उपाध्यक्ष राजेश तंबोली, राजेश तिवारी, जनक राम प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष बीआर महोबिया, रुद्र तिवारी, सत्यम जायसवाल, राजाराम साहू, देवीलाल साहू, विजय कौशिक, श्यामबाबू श्रीवास, ताराचंद साहू, बिसाहू गुप्ता, टिकेश्वर कौशिक, तिलक सेन, मनोज गुप्ता, सावित्री गढ़ेवाल, रानू सिदार, गौरी साहू, विमला साहू, राजेश्वरी पटवा, कला प्रजापति, रत्ना पटवा, झूलबाई, सोनू राम पटवा, गेंदलाल साहू सहित बड़ी संख्या संघ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उत्तर बिल्हा मंडल में पथ संचलन आज

**लखराम।** उत्तर बिल्हा मंडल लखराम में रविवार को 3 बजे से आरएसएस का पथ संचलन आयोजित किया जा रहा है। इस पथ संचलन कार्यक्रम में अधिक संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहेगी। इस दौरान मुख्य रूप से उत्तर बिल्हा मंडल के 10 गांव लखराम, अकलतरी, सरवनदेवरी, खैरखूंडी, भरवीडीह, परसदा, परसौडी, सेमरा चोरहादेवरी, गढ़वट के कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### सकर्रा में पथ संचलन आज

**सकर्रा।** ग्राम सकर्रा में रविवार की दोपहर 3 बजे से आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होने पर पथ संचलन का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी काठाकोनी भाजपा मंडल अध्यक्ष रामकुमार निर्मलकर ने दी।

### मल्हार में पथ संचलन आज

**मल्हार।** मल्हार के शासकीय हाई स्कूल परिसर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडेय उपस्थित रहेंगे। साथ ही बतौर मुख्य अतिथि सेवा निवृत्त प्रधान पाठक केके सिंह मौजूद रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में शामिल होने आम लोगों से अपील की गई है।



## बिजली दरों को लेकर युकां ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**सीपत।** महंगी बिजली और दोगुने बिजली बिलों के खिलाफ मस्तूरी विधानसभा युवक कांग्रेस ने शनिवार को शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मस्तूरी युकां अध्यक्ष सुनील पटेल के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें डेढ़ सौ से अधिक नागरिकों ने हस्ताक्षर कर प्रदेश सरकार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। युकां अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि गरीब और मध्यमवर्ग के लोग महंगाई से पहले ही त्रस्त हैं, ऊपर से दोगुना बिजली बिल थोप दिया गया है। कांग्रेस पार्टी आमजन की आवाज़ को दबने नहीं देगी, यह लड़ाई सड़क से विधानसभा तक लड़ी जाएगी। सीपत युकां ब्लॉक अध्यक्ष प्रीतेश पनौरे ने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजू सूर्यवंशी, सीपत ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतेश पनौरे, ऋषभकांत विजय, जन्मजय पटेल, जय ठाकुर, प्रीतम सूर्यवंशी, विमल तिवारी, सुनील कुमार, रितेश आंचल, गेंदराम पटेल, सोनू सूर्यवंशी, श्याम साहू, मनु यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे।

### भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष का स्वागत...



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के बिलासपुर आगमन पर बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक के परसदा स्थित निवास पर महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

## निधन

### चन्द्रिका प्रसाद तिवारी



**बिलासपुर।** ग्राम घुठिया (बैतलपुर) के निवासी चन्द्रिका प्रसाद तिवारी का 29 सितम्बर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे विजय व सतीश तिवारी के पिता थे।

### सीमा ठाकुर



**बिलासपुर।** 27 खोली ठाकुरपारा निवासी सीमा ठाकुर का 4 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में 5 अक्टूबर को किया जाएगा। वे नरेश सिंह ठाकुर की पत्नी व मुकेश ठाकुर की भाई बहु व प्रशांत सिंह ठाकुर की मां थीं।

### लक्ष्मी शुक्ला



**लोरमी।** ग्राम रानीगांव निवासी लक्ष्मी शुक्ला पति कृष्ण कुमार शुक्ला का 72 वर्ष की उम्र में शनिवार 4 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गया। इनकी अंत्येष्टि कार्य हरिश्चंद्र घाट वाराणसी में संपन्न होगा। वे पं राजू शुक्ला की भाभी एवं टीआई दुर्गेश्वरी और शारदा शुक्ला की माता थीं।

### सुरेश सिंह ठाकुर



**तखतपुर।** टिकरीपारा निवासी सुरेश सिंह ठाकुर का 70 वर्ष की आयु में शनिवार 4 अक्टूबर को निधन हो गया। वे रमेश सिंह के बड़े भाई एवं आरक्षक पवन सिंह, विनोद सिंह के बड़े पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

## रेवाशंकर बने सीपत तहसील साहू समाज के अध्यक्ष



**सीपत।** साहू समाज भवन में शनिवार को तहसील साहू समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पाराघाट, सीपत और मड़ई केंद्र से बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से वर्तमान क्षेत्र क्रमांक 8 के जनपद सदस्य, गतौरा सुखरीपाली निवासी रेवाशंकर साहू को सीपत तहसील अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

तहसील कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष विनोद साहू, महामंत्री संतोष साहू, कोषाध्यक्ष लक्ष्मी साहू, संगठन सचिव सालिकराम साहू, कोमल साहू व पुरुषोत्तम साहू, महिला संगठन सचिव सरोजनी साहू, महिला उपाध्यक्ष कल्याणी साहू, संरक्षक लक्ष्मी साहू, धनीराम साहू व भुलाऊराम साहू को मनोनीत किया गया। तहसील अध्यक्ष रेवाशंकर साहू ने कहा कि समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। समाज को संगठित और मजबूत बनाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। युवा पीढ़ी को परंपरा और संस्कार से जोड़कर समाज को नई दिशा देना ही मेरा संकल्प है। सीपत केंद्राध्यक्ष व गुड़ी सरपंच दुर्गा साहू ने कहा कि नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष के नेतृत्व में समाज और अधिक संगठित होगा। हम सब मिलकर शिक्षा, सामाजिक उत्थान और संगठन विस्तार के लिए निरंतर कार्य करेंगे। इस अवसर पर पाराघाट केंद्र अध्यक्ष शिवनारायण साहू, मड़ई केंद्र अध्यक्ष बिहारीलाल साहू, पाराघाट केंद्र संरक्षक लोभेराम साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के तीनों केंद्रों के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।



### साहू समाज खरकेना के केन्द्र अध्यक्ष बने शत्रुहन

**सकरी।** प्रदेश में साहू समाज केंद्र संगठन का विस्तार नए सिरे से किया जा रहा है। इसके तहत खरकेना केंद्र साहू समाज ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें डॉ शत्रुहन साहू सर्वसम्मति से केंद्र अध्यक्ष चुना गया। साथ ही केंद्र उपाध्यक्ष कलेशवर साहू, महिला उपाध्यक्ष लक्ष्मीन बाई साहू व संगठन सचिव राजेशवरी साहू को चुना गया। सभी नवनियुक्ति पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित पर्यवेक्षक के रूप में तहसील सकरी अध्यक्ष मनोज साहू, ग्राम खरकेना सरपंच सविता परमेशवर साहू, साहू समाज ग्रामीण अध्यक्ष हरप्रसाद साहू, उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, उपाध्यक्ष पन्ना साहू, संगठन सचिव योगेश्वर साहू, संगठन सचिव अनुजा साहू समेत समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## दूसरी बार जिला ग्रामीण अध्यक्ष बने बच्चा



**लगरा।** साहू संघ के तहसील पदाधिकारियों का चुनाव शनिवार को मटियारी सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर चुनाव प्रर्यवेक्ष प्रभारी केशव साहू, रामनारायण साहू ने प्रदेश साहू संघ के आह्वान पर सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन किया गया।

इसके तहत बिलासपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से बच्चा साहू का चयन हुआ। साथ ही उपाध्यक्ष दिलहरण साहू, महिला उपाध्यक्ष पद उमा साहू, संगठन सचिव पद गोवर्धन साहू एवं महिला संगठन सचिव के रूप में शालिनी साहू को चुना गया। नवनिर्वाजित अध्यक्ष बच्चा साहू ने कहा कि, मुझ पर दोबारा भरोसा जताने के लिए मैं आप सभी का आभारी रहूंगा। आप सभी के साथ एक नए मिशन की शुरूआत होगी। इस अवसर पर दौलत साहू, घनश्याम साहू, षिव साहू, प्रमोद साहू, अषोक साहू, खगेश साहू, लक्ष्मण साहू, जितेन्द्र साहू, रामकुमार साहू, कांता साहू, उमेन्द्र साहू रामरतन साहू, राजकुमार साहू संतोष, रामायण साहू, शत्रुहन साहू, गणेश साहू, विजय साहू, रामायण साहू रामगोपाल साहू, रामसनेही साहू, मनहरण साहू सहित तीस गांव के समाजिक पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## 58 लीटर अवैध महुआ शराब, बाइक व 2 क्विंटल लहान जब्त



**सीपत।** ग्राम खैरा (लगरा) में शनिवार को सीपत पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 58 लीटर कच्ची महुआ शराब, शराब बनाने की सामग्री, दो क्विंटल लहान और एक बाइक जब्त की है। जब्त अवैध शराब की कीमत लगभग 20 हजार रुपए आंकी गई है।

टीआई गोपाल सतपथी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरा (लगरा) के ग्रामीणों ने मोबाइल फोन पर सूचना दी कि गांव में भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब का निर्माण और बिक्री की जा रही है। सूचना पर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर रेड की गई। पुलिस ने मौके पर से खैरा लगरा निवासी शंकर केंवट पिता भगतराम केंवट उम्र 32 वर्ष से 15 लीटर शराब , दिलीप कुमार साहू पिता लक्ष्मण साहू उम्र 49 वर्ष से 15 लीटर व लगरा निवासी गणेश प्रसाद धुरी पिता रामचंद्र धुरी उम्र 37 वर्ष से 27.5 लीटर शराब व मोटरसाइकिल सीजी 10 एएफ 9977 जब्त किया गया। कुल मिलाकर पुलिस ने 58 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34 (1) (क) (च), 34 (2), 59 (क) के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि अवैध शराब व नशे के कारोबारियों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों से भी अपील है कि नशा मुक्ति अभियान में पुलिस का सहयोग करें और अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

### खेत में मवेशी घुसने पर ग्रामीण के साथ मारपीट

**तखतपुर।** खेत में मवेशी के घुस जाने से ग्रामीणों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मटसगरा निवासी अर्जुन साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह गांव में आईसक्रीम फैक्ट्री का संचालन करता है। शुक्रवार 3 अक्टूबर रात 7 बजे गांव का द्वारिका कौशिक एवं उसका बेटा राजा कौशिक अर्जुन पास आए और खेत में मवेशियों को छोड़ने की बात कहते हुए दोनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**
-:: नोटिस/विज्ञप्ति ::-
रा.प्र.क्र.- 202504074700025/अ-6/2024-25
पक्षकार :- अभिषेक उपाध्याय पिता पदुमन उपाध्याय -आवेदक
बनाम
मनुराज पाण्डेय पिता स्व. आनंदी लाल पाण्डेय - -------अनावेदक
एतद् द्वारा मनुराज पाण्डेय पिता स्व. आनंदीलाल पाण्डेय निवासी डबरीपारा चांटापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला चांटापारा शीट नं. 18 प्लाट नं 7/3 मे से रकबा 154.5 व.फु. भूमि नजूल अभिलेख मे अनावेदक मनुराज पाण्डेय पिता स्व. आनंदीलाल पाण्डेय के नाम पर नजूल अभिलेख मे दर्ज है उक्त भूमि को आवेदक के व्दारा अनावेदक से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 03.06.2012 के माध्यम से क्रय कर नामांतरण के लिए इस न्यायालय को आवेदन पत्र पेश किया गया है। जो वर्तमान में विचाराधीन है ।
अत: इस संबंध में आपको या आपके विधिक वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी पेशी दिनांक 10/10/2025 को न्यायालयीन समय में स्वत: अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।
आज दिनांक 18/09/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
**नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा.क्र / 2024-25
ग्राम सकरी, तहसील सकरी
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सकरी प.ह.न. 45 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशीष प्रजापति पिता स्व. छेदीलाल प्रजापति निवासी गायत्री मंदिर चौक सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा लेख किया गया है कि आवेदक के दादा स्व. श्री पुनऊलाल प्रजापति ने मौजा सकरी प.ह.नं. 26/42 रा.नि.मं. सकरी तहसील सकरी का मूल निवासी है, तथा उक्त प.ह.नं. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 20/20 में से खसरा नंबर 27 रकबा 2.00 एकड़ एवं खसरा नंबर 28 रकबा 1.50 एकड़ भूमि वर्ष 1967 में नीलामी के माध्यम से क्रय की गई थी। जिसका नामांतरण उनके स्व. दादाजी एवं पिता स्व. छेदीलाल प्रजापति द्वारा नहीं कराया गया था। अत: आवेदक के दादा द्वारा क्रय की गई भूमि का भूमि स्वामी हक एवं ऋणपुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया है।
इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 10/10/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।
आज दिनांक 24/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।
**तहसीलदार, सकरी**

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल सरकण्डा तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
**सूचना**
क्र./तह./रा.नि./सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 25 / 09 / 2025
प्रति,
1. किशन कन्हैया पि.दिनेश कुमार पटेल 2. श्री संतोष शर्मा 3. श्री अश्नी पाण्डेय 4. श्री विष्णु दास 5. कौशल भोंसले
विषय: सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण के समय उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक /तह./ रीडर /2025 बिलासपुर दिनांक
संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/ आवेदिका किशन कन्हैया पि.दिनेश कुमार निवासी सरकण्डा द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम सरकण्डा प.ह.नं.32, रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.नं. 434/2 रकबा 0.012 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन / बटांकन/स्थल निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उपरोक्त भूमि का सीमांकन /बटांकन / स्थल निरीक्षण न्यायालय तहसीलदार /नायब तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 06-10-2025 को समय 04.00 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।
अत: आप तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहें। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।
टीप:-विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।
राजस्व निरीक्षक, सरकण्डा
तहसीलदार बिलासपुर

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

जागरूकता

## समाज को नशा मुक्त बनाने गायत्री परिवार ने निकाली नशा मुक्ति रैली



**बिलासपुर।** समाज को नशा मुक्त बनाने गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर से जन जागरूकता रैली निकाली गई जो कि क्रांति नगर, रामा मैग्नेटो माल से होते हुए गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर पहुंच कर समाप्त हुई। रैली के दौरान लोगों को नशा नहीं करने एवं नशे से होने वाले नुकसान को लेकर जागरूक किया जाता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री शक्तिपीठ विनोबा नगर व गायत्री प्रज्ञापीठ सरकंडा के प्रमुख ट्रस्टी, सदस्य पूनम सिंह, लिंगियाडीह के सदस्य, दीया बिलासपुर की टीम, सेंदरी गायत्री प्रज्ञापीठ के परिजनों, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी सहित गायत्री परिवार के अन्य भाई बहनों का सहयोग रहा। यह जानकारी गायत्री परिवार की जिला समन्वयक नंदिनी पाटनवार ने दी।

कार्यक्रम

## दुर्गा वाहिनी की बहनों ने कराया शस्त्र पूजन, दुर्गा चालीसा पाठ



**बिलासपुर।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी की बहनों ने शिव टॉकीज के पास शस्त्र पूजन का आयोजन किया। जिसमें आचार्य संकल्प शुक्ला ने शस्त्र पूजन कराया। दुर्गा चालीसा का पाठ, आरती व प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर जिला संयोजिका सोनल अग्रवाल, दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका भूमिका रायल, नगर सह संयोजिका प्रतिभा पाठक, नगर शक्ति साधना केंद्र प्रमुख श्रुति तिवारी, नगर मिलन केंद्र प्रमुख आकृति सिंह, दुर्गावाहिनी से श्रद्धा सोनी, धृति सोनी, श्रेया तिवारी, सुनीता सोनी, श्रेजल रजक, सृष्टि रजक सहित मोहल्ले की महिलाएं, सिंह वाहिनी दुर्गा समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही।

आयोजन

## महिलाओं ने मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित कर अखंड सुहाग का मांगा आशीर्वाद

**बिलासपुर।** विजयादशमी पर राजकिशोर नगर स्थित दुर्गा पंडाल में राजीव विहार दुर्गोत्सव समिति के आयोजन में बंगाली समाज की महिलाओं ने परंपरागत सिंदूर खेला की रस्म अदा की। लाल-सफेद परिधानों में सजी विवाहित महिलाओं ने मां दुर्गा को



सिंदूर अर्पित कर अखंड सुहाग का आशीर्वाद मांगा और फिर एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शंख-ढाक की गूंज और जयकारों के बीच पूरा माहौल आस्था और भावनाओं से सराबोर हो गया। देवी की विदाई के इन क्षणों में पंडाल रंग और रौनक से निखर उठा। समिति ने बताया कि यह रस्म माता दुर्गा के प्रति आस्था और समर्पण का प्रतीक है और सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को भी बढ़ावा देता है।

धर्म-क्षेत्र

## प्रेम प्रकाश आश्रम में श्रीविग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा, किया सत्संग

**बिलासपुर।** प्रेम प्रकाश सेवा समिति मंडली बिलासपुर द्वारा सरकंडा पुराना पुल के पास स्थित प्रेम प्रकाश आश्रम में जगदीश्वर भगवान लक्ष्मीनारायण एवं पूज्य प्रेम प्रकाश मण्डलाचार्य ब्रह्मश्रोत्रिय ब्रह्मनिष्ठ सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज के श्री विग्रहों




की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। उद्घाटन समारोह पूज्य प्रेम प्रकाश मण्डलाध्यक्ष स्वामी भगत प्रकाश महाराज की अध्यक्षता संत मंडली, बाहर से आए अतिथियों, नागरिकों एवं प्रेम प्रकाश परिवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। पहले दिन गुरुवार को सुबह पूज्य श्री गुरु महाराज का आगमन, कलश यात्रा, स्वागत समारोह, श्री विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा व मूर्ति स्थापना, हवन, ध्वजा वंदन, सत्संग हुआ। शाम को सत्संग, प्रवचन के बाद आरती की गई। दूसरे दिन शुक्रवार को सुबह सत्संग, पाठों का भोग व आरती की गई। शाम को भजन, सत्संग, आरती कर बधाई गीत गाए गए। प्रसाद वितरण किया गया। गुरु महाराज द्वारा पल्लव पाकर कार्यक्रम का समापन किया गया। यह जानकारी प्रेम प्रकाश सेवा समिति मंडली के मनोहर पमनानी ने दी।



सिम्स में एमबीबीएस बैच का वाइट कोट सेरेमनी एवं इंडक्शन डे



छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में एमबीबीएस बैच प्रथम वर्ष के लिए इंडक्शन डे एवं वाइट कोट सेरेमनी उत्साहपूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। सहायक स्टूडेंट सेल प्रभारी डॉ सचिन पांडेय ने नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें संस्थान की शैक्षणिक एवं नैतिक परंपराओं से अवगत कराया। डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने अपने संबोधन में चिकित्सा क्षेत्र में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, "वाइट कोट सिर्फ एक परिधान नहीं, बल्कि यह सेवा, संवेदना और जिम्मेदारी का प्रतीक है।

# वाइट कोट परिधान नहीं, बल्कि सेवा संवेदना व जिम्मेदारी का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि अनुशासन, करुणा और निरंतर सीखने की भावना को चिकित्सा पेशे की आधारशिला बताया।

समारोह के दौरान नए छात्रों को प्रतीकात्मक रूप से 'वाइट कोट' पहनाकर चिकित्सा सेवा के प्रति उनकी निष्ठा को औपचारिक रूप दिया गया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाना अनेक विद्यार्थियों का सपना होता है। इस वर्ष विशेष गौरव का विषय रहा कि संभाग आयुक्त महादेव क़वारे एवं रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ दिलीप जैन के सुपुत्र ने भी सिम्स में एमबीबीएस में प्रवेश लिया है। सिम्स की शुरुआत वर्ष 2001 में पहले बैच के 100 विद्यार्थियों के साथ हुई थी, जो अब 2025 में बढ़कर 150 छात्र-छात्राओं तक पहुंच गई है। यह प्रदेश का दूसरा मेडिकल कॉलेज होने के साथ-साथ निरंतर प्रगति पर अग्रसर है। कार्यक्रम में,डॉ मधुमिता मूर्ति डॉ अर्चना सिंह, डॉ आरती पांडेय, डॉ संगीता रमन जोगी, डॉ भूपेंद्र कश्यप सहित विभागाध्यक्ष, फैकल्टी सदस्य, अभिभावक एवं वरिष्ठ छात्र बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

दिल्ली पब्लिक स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस

दिल्ली पब्लिक स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस बड़े उत्साह और क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की सक्रिय भागीदारी के साथ प्रारंभ हुई। इस अवसर डीपीएस के प्राचार्य जसपाल सिंह मथ, मुख्य प्रशासकीय अधिकारी एसएन पाठक तथा प्रशासकीय अधिकारी एस के मोहंती की उपस्थिति रहें।

## संवाद, कूटनीति व नेतृत्व का महत्व बताया





**बिलासपुर।** कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत-गीत से हुई जिसके उपरांत दीप प्रज्वलन समारोह हुआ। इसके बाद विभिन्न समितियों के एक्जीक्यूटिव बोर्ड सदस्यों का परिचय कराया गया,जिसने जीवंत और विचारोत्तेजक सत्रों की शुरुआत का संकेत दिया। परंपरा और आधुनिकता के संगम से सजे मनमोहक फ्यूज़न डांस ने उपस्थित सभी लोगों का हृदय जीत लिया। प्राचार्य जसपाल सिंह मथ ने संवाद, कूटनीति और नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भावी नेताओं को प्रेरित किया कि वे वैश्विक मुद्दों के समाधान आलोचनात्मक चिंतन, सांस्कृतिक संवेदनशीलता और वार्तालाप कौशल को आत्मसात करें। सेक्रेटरी-जनरल्स ने औपचारिक रूप से सम्मेलन का उद्घाटन किया। डीपीएस एमयूएन के प्रथम दिवस ने कूटनीति, संवाद और वैश्विक जिम्मेदारी की भावना को एक सूत्र में पिरोते हुए एक सफल सम्मेलन की नींव रख दी है।



## शहीदी यात्रा का आगमन आज

**बिलासपुर।** हिंद की चादर नौवें पातशाह धन धन श्री गुरु तेगबहादुर साहिब दे 350वे शताब्दी शहादत को समर्पित सिक्ख समाज द्वारा 3 अक्टूबर को रायपुर स्टेशन रोड गुरुद्वा से आरम्भ हुई। 10 दिवसीय शहीदी यात्रा जिसमें गुरु महाराज पुरातन हस्त लिखित गुरु ग्रंथ साहिब एवम ऐतिहासिक शस्त्रां है। छत्तीसगढ के अनेक शहर भिलाई,दुर्ग, राजनांदगाँव, डोंगरगढ, कवर्धा, बेमेतरा, सिमगा बैतलपुर सरगांव बिल्हा होते हुए रविवार को शाम लगभग 6 बजे शहर में आगमन होगा। शहीदी यात्रा का भव्य स्वागत रायपुर रोड स्थित डीपीएस स्कूल के पास किया जाएगा। तत्पश्चात यात्रा महिलाओ द्वारा पंज प्यारे साहिबान की अगुवाई में राजीव गांधी चौक,नेहरु चौक, देवकी नंदन चौक होते हुए सेन्ट्रल गुरुद्वारा गोंडपारा पहुंचेगी। शहीदी यात्रा समुह साध संगत के साथ नगर किर्तन रुप मे सेन्ट्रल गुरुद्वारा गोंडपारा से सदर बाजार गोल बाज़ार जुना बिलासपुर होते हुए गांधी चौक से यात्रा गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर पहुंचेगी। जहां



भव्य स्वागत होगा

पर समुह साध संगत जी को हस्त लिखित गुरु ग्रंथ साहिब एव शस्त्र के दर्शन कराए जाएंगे। उपरंत समुह साध संगत मे गुरु का अटूट लंगर वरताया जावेगा। यात्रा का रात्रि विश्राम गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ दयालबंद बिलासपुर मे रहेगा। यात्रा दयालबंद से जगमल चौक गुरुनानक चौक होते हुए अकलतरा नैला मार्ग से चाम्पा कोरबा के लिए प्रस्थान करेगी। शहीदी यात्रा स्वागत के लिए समुह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के साथ पंजाबी समाज की युवा वीर, महिलाओ के साथ बुजुर्ग एवं समुह साध संगत तैयारी मे लगी हुई है।

## चैतन्य देवियों की एकाग्रता एवं स्थिरता का आधार है मेडिटेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि में हर वर्ष ब्रह्माकुमारी बहनें चैतन्य देवियों के रूप में विराजित होती हैं। इनकी एकाग्रता और स्थिरता का आधार राजयोग मेडिटेशन है। अंतिम दिन श्वेत वस्त्र धारी ब्रह्माकुमारी बहनें परमात्मा से योग लगाते हुए विराजित हुई, इसके साथ ही चैतन्य झांकी का समापन हुआ।

चैतन्य देवियों के समान ईश्वर से योग लगाने की विधि सिखाने और जीवन में एकाग्रता बढ़ाने के उद्देश्य से शिव अनुराग भवन में राजयोग मेडिटेशन शिविर का आयोजन सुबह व शाम के सत्र में 7 से 8 बजे तक रखा गया है। ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने जानकारी दी कि शिविर में आत्म जागृति, परम सत्य की

ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा दिव्य दर्शन कराने के साथ ही चैतन्य झांकी का समापन



पहचान, मन की शक्ति को जागृत व नियंत्रित करने की विधि, आंतरिक गुणों का विकास व दृष्टि को सकारात्मक बनाने की विधियां सिखाई जाएंगी।



### नवरात्रि उत्सव उत्साह से मनाया

मां सिद्धिदात्री दुर्गा उत्सव समिति शेष कॉलोनी विनोबानगर द्वारा नवरात्रि उत्सव उत्साह के साथ शेष कालोनी गार्डन मे महिलाओं के द्वारा मनाया गया। शहर में यह पहली समिति है जिसका संचालन सिर्फ महिलाओं के द्वारा ही किया जाता है,पूजा के कर्णधार कॉलोनी की महिलाएं ही रहती हैं। इस समिति में जिसमें सारी महिलाएं संचालन करती हैं महिलाएं जवाबदेही और जिम्मेदारी से उत्सव में शामिल होती हैं। उक्त आयोजन पिछले तीन साल से किया जा रहा है,जिसमें कोई कार्यकारिणी भी नहीं है,सभी एकजुट होकर कार्य करती है।

कार्नर न्यूज

## शरद पूर्णिमा कल, 16 कलाओं से युक्त रहेगा चंद्रमा, की जाएगी लक्ष्मी की पूजा

**बिलासपुर।** आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से युक्त होकर अमृत वर्षा करता है। मान्यता है कि चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर खाने से रोग दूर होते हैं। शरद पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। राशि अनुसार मंत्रों का जप और भोग लगाने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।



आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि छह अक्टूबर को दोपहर 12:23 बजे से प्रारंभ होकर दूसरे दिन सात अक्टूबर 2025 को प्रातः 9 बजकर 16 बजे तक रहेगी। ऐसे में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व छह अक्टूबर को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा जिसे कोजागर पूजा के नाम से भी जाना जाता है, उसके लिए शुभ मुहूर्त छह अक्टूबर को रात्रि 11:45 बजे से लेकर सात अक्टूबर को पूर्वाह्न 12:34 बजे तक रहेगा। छह अक्टूबर को चंद्रोदय शाम को पांच बजकर 27 बजे होगा।

पौराणिक महत्व के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत बूंदें झरती हैं। पूर्णिमा की रात में जिस भी चीज पर चंद्रमा की किरणें गिरती हैं। उसमें अमृत का संचार होता है। इसलिए शरद पूर्णिमा की रात में खीर बनाकर पूरी रात चंद्रमा की रोशनी में खीर को रखा जाता है और सुबह उठकर यह खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण की जाती है।

### ब्राम्हण समाज का शरदोत्सव व सम्मान समारोह आज

आदर्श विप्रजन छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद बिलासपुर एवं छग. सरयूपारीण ब्राह्मण नारी कल्याण समाज के संयुक्त तत्वावधान में शरदोत्सव एवं परिवार महासम्मेलन का आयोजन 5 अक्टूबर रविवार को शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक अशोक वाटिका अशोकनगर सरकंडा में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला होंगे। इस दिन शाम को 5 से 6 बजे तक संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम, 6 से 7 बजे तक परिचर्चा हेतु खुला मंच, 7 से 9 बजे तक सम्मान समारोह, 9 बजे से रात्रि स्नेह भोज होगा।

### सुहागन व पूर्णिमा पूजा कल

लायंस क्लब मिडटाउन द्वारा शरद पूर्णिमा पर अक्टूबर माह की मीटिंग के साथ सुहागन एवं पूर्णिमा पूजा का आयोजन 6 अक्टूबर सोमवार को किया जा रहा है। दोपहर साढ़े 11 से 12 बजे तक पंचुअल का समय रखा गया है। हॉटल एमरॉल्ड में आयोजित इस कार्यक्रम में ड्रेसकोड मैहरून साड़ी या सूट के साथ चुनरी, नथ, बिंदियां रखा गया है। पूजा में विशेष अतिथि के रूप में शशि अमर अग्रवाल उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने प्रीति प्रसाद, आरती अम्बष्ट, सुलोचना सिंह बघेल, नंदिनी तिवारी, प्राची तिवारी, सुचित्रा साव, उषा गुप्ता, सुमन गुप्ता, सुलोचना सिंह बघेल, शुभ्रा, सपना गुप्ता सक्रिय हैं।

### नि:शुल्क बांटी जाएगी श्वांस, दमा की औषधि

जूनी लाइन स्थित वैद्यनाथ दवाई दुकान में शरद पूर्णिमा पर नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई जाएगी। इस दवाई से श्वांस, दमा के मरीजों को



अप्रत्याशित लाभ मिलता है। इन मरीजों को लगातार 3 वर्षों तक दवा का सेवन करना चाहिए। संस्था के आयुर्वेद चिकित्सक डा. नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि उक्त दवाई लेने अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, शिवरीनारायण से लोग आते हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि को खीर में उक्त दवा का सेवन किया जाता है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा में रात्रि को अमृत की वर्षा होती है जिसमें खीर मिश्रित दवाईयां लाभ पहुंचाती है। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ शर्मा नियमित रूप से मरीजों को नि:शुल्क परामर्श देते हैं। लोग आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को अपनाएं तो स्वास्थ्य, समय एवं धन की ही बचत हो सकती है।

### गुप्ता समाज करेगा पौधों का वितरण आज

अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज महासभा पंजीकृत द्वारा शरद पूर्णिमा पर नि:शुल्क 2100 पौधों का वितरण 5 अक्टूबर रविवार को सुबह 11 बजे हटरी चौक जूना बिलासपुर में किया जाएगा। यह जानकारी समाज के जिला अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि आज हमारे देश में कम से कम 800 करोड़ पौधों की जरूरत है।

**खबर संक्षेप**

### धनतेरस तक बिजली विभाग करेगा मेंटनेंस

**बिलासपुर।** दीपावली पर्व को देखते हुए बिजली विभाग लोड मैनेज करने एक बार फिर जुट गया है। 4 से 17 अक्टूबर के बीच शहर के अलग-अगल क्षेत्रों में सुबह 10.30 से 2.30 बजे तक बिजली सप्लाई ठप रहेगी। सिटी सर्किल के दोनों डिवीजन ने शेड्यूल भी जारी कर दिया है। शेड्यूल के अनुसार तोरवा डिवीजन 5 अक्टूबर को सिलपहरी, व्यापार विहार, लिंकरोड, बसंत विहार, तोरवा, सिरगिट्टी जैसे क्षेत्रों में बिजली बंद की जाएगी। इसके साथ ही नेहरु नगर में 5 अक्टूबर को सर्किट हाउस, 6 मंगला फीडर, 7 एसबीआर उपकेंद्र,8 शांति नगर,9 बृहस्पतिबाजार उपकेंद्र ,10 चांटीडीह,11 मुक्तिधाम सरकंडा,बंगालीपारा, सीपत चौक, 12 टेलीफोन एक्सचेंज रोड,जेल रोड,13 उसलापुर फीडर,अभिषेक विहार,सोनिया विहार,14 मंगला उप केंद्र,दीनदयाल कालोनी,15 भारतीय नगर उपकेंद्र,16 अल्का एवेन्यू उपकेंद्र, उषा उपवन,17 नेहरु नगर उपकेंद्र मुंगेलीनाका, सर्किट हाउस में बिजली सुधार कार्य किया जाएगा। इस दौरान ट्री कटिंग, मेंटनेंस, सबस्टेशन रखरखाव और ट्रांसफार्मर की मरम्मत की जाएगी।

### सूने घर से चोर ले उड़े जेवर, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घरवाले वाले दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में चले गए। इधर चोरों ने घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर चोरी कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, भरनी निवासी शशि श्रीवास पति आत्मा श्रीवास 3 अक्टूबर को दोपहर दो बजे घर के दरवाजे में ताला लाकर दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में चली गई थी। शाम 4.30 बजे घर आई तो ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखी तो बाक्स में रखे सामान अस्त व्यस्त पड़े थे और उसमें रखा 9 नग सोने का लाकेट, पायल, बिछिया, सोने की फुल्ली, सोने का रिंग, बाजूबंद, कमरबंध चोरी हो गई थी। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### टेक्नीशियन के मकान से जेवर व नकद पार

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े टेक्नीशियन के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर जेवर व नकद चोरी कर लिया। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। कोनी पुलिस के अनुसार, बिरकोना निवासी कमल यादव अपोलो हास्पिटल में टेक्नीशियन का काम करते हैं। 3 अक्टूबर की दोपहर 2 बजे वे घर के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में हास्पिटल चले गए थे। शाम 4.30 बजे घर लौटे तो ताला टूटा मिला। अंद जाकर देखे तो छत की शीट टूटी हुई थी। आलमारी का लाकर तोड़कर नकद रकम व चांदी के जेवर चोरी कर लिया गया था। सूचना पर पुलिस उनके घर का मुआयना कर लौट गई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला से अनाचार युवक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** महिला से अनाचार करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। रतनपुर टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि क्षेत्र में रहने वाली एक महिला शुक्रवार को घर में अकेले थी। इसी दौरान मौके का फायदा उठाकर भाठापारा सल्का निवासी अजया सोलंकी घर में घुसकर जोर जबरदस्ती कर महिला के साथ अनाचार कर भाग गया। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**साल 2023 में मिल चुकी है स्वीकृति**

**बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट सालों से उपेक्षित, प्रबंधन उदासीन**

# 4 साल बाद भी एयरपोर्ट पर कन्वेयर बेल्ट नहीं, लगेज लाद कर ले जाने की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट सालों से उपेक्षित है। 4 साल बीतने के बावजूद बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। यात्रियों को लगेज की सुविधाओं को आसान बनाने के लिए लगाई जाने वाली कन्वेयर बेल्ट तक नहीं है। ऐसे में यात्रियों को लगेज उठाकर ले जाना पड़ रहा है, वहीं एयरपोर्ट प्रबंधन इसके लेकर उदासीन है।

राज्य के दूसरे प्रमुख शहर बिलासपुर का एयरपोर्ट बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा है।






साल 2023 में स्वीकृत अराइवल हाल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है, इसके साथ ही यात्रियों के लिए जरूरी कन्वेयर बेल्ट भी एयरपोर्ट में मौजूद नहीं है। ऐसे में यात्रियों को विमान तक अपना लगेज खुद ही लादकर जाना पड़ रहा है। एयरपोर्ट के उद्घाटन में ही 6 करोड़ 70 लाख रुपए टर्मिनल भवन के विस्तार के लिए स्वीकृति मिल गई थी। वहीं साल 2023 में डिपार्चर हाल और अराइवल हाल एक्सटेंशन दिया गया। पीडब्ल्यूडी और एयरपोर्ट प्रबंधन ने डिपार्चर हाल का निर्माण कराया, लेकिन अराइवल हाल जस का तस है। कन्वेयर बेल्ट तक नहीं लगाया गया है, एयरलाइंस के द्वारा सामान छोड़ने पर यात्री घसीटते हुए अपना सामान लाते हैं।

### खड़े रहते हैं यात्री

हवाई जनसंघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि अराइवल हाल में एक विमान के पूरे यात्रियों के लिए खड़े होने की भी जगह नहीं है। डिपार्चर हाल में भी जगह की कमी है। विमान के लेटलतीफी के कारण यात्रियों को घंटों खड़े रहना पड़ता है। मूल प्रस्ताव के अनुसार वर्तमान अराइवल हाल को डिपार्चर हाल में मिलाने पर यह जगह पहले की तुलना में विस्तारित होगी। अराइवल के लिए नया हाल बनाया जाना है। समिति ने मांग अराइवल हाल विस्तार की योजना को पूर्ण करने की मांग की है।

**आरोपी के दादा के ठेले व दुकान में तोड़फोड़, बाइक में लगाई आग**

# मंदिर में गंदगी फैलाने को लेकर हुआ बवाल, 10 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात अशोक नगर मुरुम खदान स्थित मंदिर में गंदगी फैलाने को लेकर शुरू हुआ बवाल आज दोपहर तक चलता रहा। क्षेत्र के लोगों ने कथित रूप से गंदगी फैलाने के आरोपी युवक के दादा के दो ठेलों व दुकान में तोड़फोड़ कर एक बाइक में आग लगा दी, जिससे क्षेत्र में महौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर विवाद शांत कराया। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।


मुख्य आरोपी।

शुक्रवार की रात अशोकनगर मुरूम खदान के मंदिर में एक युवक गंदगी कर निकल रहा था। सामने रहने वाली महिला ने विरोध किया तो नशे में धुत युवक महिला के साथ गाली गलौज करने लगा। मंदिर में गंदगी की बात धीरे धीरे पूरे क्षेत्र में फैल गई। उसके बाद बड़ी संख्या में हिंदू संगठन व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर गंदगी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा मचाने लगे। लोगों ने उक्त युवक के दादा के दो ठेलों व दुकानों के पास खड़ी एक बाइक में आग लगा दिया। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी बल के साथ मौके पर पहुंच गए। हंगामा मचाने वाले वालों को समझाइश देकर शांत कराया गया। मंदिर में गंदगी फैलाने के आरोपी युवक को पकड़कर थाने ले जाया गया, उसके बाद हंगामा शांत हो गया।


घटना स्थल पर जांच करने पहुंची नायब तहसीलदार व पुलिस।


पकड़े गए हंगामा करने वाले आरोपी।

### एसएसपी ने सम्भाली कमान

शनिवार की सुबह 10 बजे एसएसपी रजनेश सिंह अशोकनगर मुरूम खदान पहुंचकर क्षेत्र के लोगों से मिलकर घटना की जानकारी ली। उसके बाद वह सरकण्डा थाने में बैठकर सरकण्डा पुलिस को अशांति फैलाने वालों को पकड़ने का निर्देश दिया। उसके बाद वीडियो के आधार पर अशांती फैलाने वाले 10 लोगों को पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं गंदगी फैलाने वाले आरोपी को बीएनएस की धारा 299, 296, 351, 2 के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ सरकण्डा थान में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट सहित चार मामले पहले से दर्ज है।

### हिंदू संगठन का नेता गया जेल

एक माह पूर्व बिल्हा क्षेत्र के डोड़कीभाठा में गौ मांस बेचने का आरोप लगाकर हिंदू संगठन का नेता राम सिंह सदस्यों के साथ गांव में जाकर ग्रामीणों के साथ मारपीट कर जातिगत गाली गलौज की थी। उसके खिलाफ थाने में मामला दर्ज थी। बीती रात सरकण्डा पुलिस ने अशोकनगर में अशांति फैलाने के दौरान राम सिंह को पकड़कर बिल्हा पुलिस के हवाले कर दिया। बिल्हा पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सुबह फिर से हुआ बवाल

शनिवार की सुबह एक बार फिर हंगामा शुरू हो गया। क्षेत्र के एक व्यक्त ने गंदगी करने वाले युवक को जान से मारने की धमकी दी, जिससे दूसरा पक्ष भी सामने आ गया। उसके बाद बड़ी संख्या में हिंदू संगठन व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर हंगामा मचाने लगे। जानकारी मिलते ही फिर पुलिस बल मौके पर पहुंचा, पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर शांत कराया। स्थिति को देखते हुए दोपहर तक पुलिस बल मौके पर तैनात था।

### पकड़े गए दोनों पक्षों के आरोपी

- अशरफ खान पिता अनिश खान अशोकनगर मुरूम खदान
- वैद्यनाथ यादव पिता मनहरण लाल यादव 28 साल अशोकनगर मुरूम खदान
- ओमप्रकाश मानिकपुरी उर्फ गब्बर पिता दयादास 24 साल अशोकरनगर
- करण यादव उर्फ केडी पिता फेकूराम यादव 19 साल अशोकनगर मुरूम खदान
- मो. इसराईल पिता आकिर खान 43 साल अशोकनगर
- अरमान खान पिता मो. इसराईल 25 साल अशोकनगर
- सलमान खान पिता मुन्ने खान 24 साल अशोकनगर
- सहादत्त खान उर्फ छोटू पिता बन्ने खान 24 साल अशोकनगर
- गौकरण साहू उर्फ बोदू पिता ललित साहू 21 साल अशोकनगर मुरूम खदान
- कैलाश साहू पिता संतोष साहू 25 साल अशोक नगर

### 10 लोगों की हुई गिरफ्तारी

बीती रात मंदिर के पास एक युवक के द्वारा अनैतिक कृत्य की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। असामाजिक तत्वों के द्वारा दो ठेलों व दुकान में तोड़फोड़ कर एक बाइक में आग लगा दी गई थी। दोनों मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुछ आरोपियों के खिलाफ पुराने रिकार्ड है।

**-रजनेश सिंह,** एसएसपी

# साइबर सेल प्रभारी से मारपीट, दो जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात दुर्गा विसर्जन के दौरान अपने घर जा रहे जांजगीर साइबर सेल प्रभारी की कार को दो नशेड़ी युवकों ने रोक लिया। उन्होंने अपने आपको टीआई बताते हुए सड़क से हटने के लिए कहा तो युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए गाली गलौज कर उन्हें लात मार दी। मारपीट के बाद वे सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के सहयोग से दोनों युवकों को पकड़कर सिविल लाइन थाने लेकर गए। पुलिस ने दोनों नशेड़ियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- **दुर्गा विसर्जन के दौरान कंपनी गार्डन के पास की गई मारपीट**

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, जांजगीर साइबर सेल प्रभारी सागर पाठक शुक्रवार को जांजगीर में दुर्गा विसर्जन की ड्यूटी कर रहे थे। रात में उन्हें सूचना मिली उनकी बच्ची का तबियत खराब हो गई है, श्री पाठक उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर कार से घर लौट रहे थे।

दुर्गा विसर्जन को लेकर देवकीनंदन रोड से गुरूनानक चौक तक दुर्गा प्रतिमा की झांकी निकलने से भीड़ लगी हुई थी। वे धीमी गति से कार चला रहे थे। रात 12 बजे कंपनी गार्डन के पास उनकी कार के सामने दो नशेड़ी युवक खड़े हो गए। उन्होंने कार से नीचे उतरक युवकों को बताया कि वे टीआई हैं। इतने में नशेड़ी युवक उनके साथ गाली गलौज करने लगे, एक युवक ने उनके पेट में लात से मार दी।

श्री पाठक सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के सहयोग से दोनों नशेड़ी युवकों को पकड़कर सिविल लाइन थाना लेकर गए। वहां दोनों नशेड़ी युवकों की जमकर खातिरदारी की गई। पकड़े गए नशेड़ी में निखिल पाण्डेय सरकण्डा, तुषार तिवारी देवरीखुर्द निवासी हैं। शनिवार को पुलिस ने प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### जेल भेजा गया है

जांजगीर साइबर सेल प्रभारी के साथ दो नशेड़ी युवकों के द्वारा मारपीट की गई थी। दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

**-निमितेश सिंह परिहार**
सीएसपी सिविल लाइन

### युवक पर चाकू से हमला जुम दर्ज

**बिलासपुर।** दुर्गा पंडाल सजाने को लेकर एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सरकण्डा पुलिस के अनुसार, चिंगराजपारा सुभाष चौक निवासी प्रहलाद साहू पिता उमेन्द्र राम साहू 3 अक्टूबर को ड्यूटी में लाज जा रहे थे। शाम 7 बजे वह दूर्गा पंडाल के पास हिमांशु श्रीवास को बोला इस बार पंडाल अच्छा से नहीं बनाए थे। इस पर हिमांशु तू कौन होता है बोलने वाला कहकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर उसने प्रहलाद के साथ मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे बाएं हाथ की कोहनी में चोट आई है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277, मो. : 9826190123, 9669979123

# 6 डीजे वाहन, 500 से अधिक कड़े जब्त

**बिलासपुर।** प्रतिबंध के बावजूद दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान कानफोड़ आवाज में गाना बजाने वाले 6 डीजे वाहनों को पुलिस ने जब्त किया है। वहीं विशेष जांच के दौरान 500 से अधिक कड़े जब्त किए गए हैं।

एसएसपी रजनेश सिंह ने शुक्रवार की शाम शहर का भ्रमण कर ट्रैफिक सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा में तैनात राजपत्रित अधिकारी व थानेदारों को कानफाड़ू आवाज में गाना जाने वाले डीजे वाहन व असामाजिक तत्वों की जांच करने का आदेश दिया था। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया, सदरबाजार से जूना बिलासपुर तक जांच के दौरान तेज आवाज में गाना बजाने पर 6 डीजे वाहनों को जब्त कर संचालकों के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं जांच के दौरान युवकों के पास से 500 से अधिक कड़े जब्त किए गए हैं। इसी दौरान जांच के दौरान एक बदमाश युवक को पकड़कर उसके पास चाकू बरामद किया गया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई। दुर्गा विसर्जन के दौरान अशांति फैलाने वाले 5 बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह क्षेत्र में भीड़ का फायदा उठाकर पाकिटमारों के द्वारा लोगों के जेब से मोबाइल चोरी कर लिया गया है। तीन चार लोगों के द्वारा मोबाइल चोरी करने की शिकायत थाने में की गई है। पुलिस चोरों की पतासाजी में जुट गई है।



# जमकर बिकी अवैध शराब

**बिलासपुर।** दुर्गा विसर्जन के मद्देनजर शुक्रवार की शाम से ही शराब दुकानें बंद रही। शाम 5 बजे के बाद सभी शराब दुकानों को बंद करने का आदेश जारी कर दिया गया था। जिला प्रशासन की ओर से आदेश लॉ एंड आर्डर को देखते हुए आदेश जारी किया गया था। खास बात यह है कि अचानक बंद हुए शराब की दुकानों से मदिरा प्रेमी खासे हताश हुए। आसपास के गांवों में अवैध शराब की बिक्री बढ़ गई।

जिला प्रशासन के आदेश पर आबकारी अधिकारियों ने शुक्रवार की शाम 5 बजे से जिले भर की शराब दुकानों में ताला लगवा दिया। विसर्जन के दौरान होने वाली घटनाओं की आशंका के मद्देनजर दुकानों को बंद कराया गया था, लेकिन प्रशासन के इस फैसले से मदिरा प्रेमियों को निराश होना पड़ा। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार को भी लाखों रूपए का झटका लगा। खास बात यह है कि शाम होते ही मदिरा दुकानें बंद होने के बाद मदिरा प्रेमियों ने गांव का रूख किया और जिले में जमकर अवैध शराब बेची गई। इस दौरान आबकारी का अमला भी सुस्त दिखा दिया, एक भी प्रकरण नहीं पकड़े गए।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### अवैध इमारत में ओयो का संचालन, शिकायत पर होटल सील, अब दर्ज होगा जुर्म

**बिलासपुर।** बहतराई रोड स्थित गीतांजलि सिटी फेस-1 में नगर निगम की बिना अनुमति के तीन मंजिला बिल्डिंग खड़ी कर दी गई थी। इस अवैध इमारत में ओयो होटल का संचालन किया जा रहा था। मामला सामने आने के बाद अब नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए होटल को सील कर दिया है। अब मामले में जुर्म दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

स्थानीय पार्षद रेखा पांडेय ने निगम कमिश्नर से लिखित शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि होटल के चलते क्षेत्र में सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है और आए दिन संदिग्ध गतिविधियां हो रही हैं। इस पर नगर निगम की भवन शाखा ने स्थल निरीक्षण किया। जांच में सामने आया कि यह बिल्डिंग गायत्री केडिया नामक महिला की है, लेकिन, इसका नक्शा नगर निगम से पास नहीं कराया गया था। इसके बावजूद यहां 17 कमरों वाला होटल बना लिया गया था, जो कि पूरी तरह नियमों के खिलाफ है। लोगों के विरोध के बाद ओयो का बोर्ड तो हटा दिया गया, लेकिन होटल का संचालन चोरी-छिपे जारी रहा। जब निगम की टीम मौके पर पहुंची, तो वहां स्टाफ मौजूद था लेकिन कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। नगर निगम अधिकारियों ने साफ किया है कि बिना अनुमति के बनाए गए निर्माणों और अवैध व्यवसायों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

Head Office Katghora, Korba (C.G.)
VEW
SINCE 1991
SPECIALIST IN
RICE MILL
FLOUR MILL
DAL MILL
HATHU PLANT
LAC PLANT
FAFAR PLANT
MILLET PLANT
FLY ASH BRICKS PLANT
NON HUMAN TOUCH AUTOMATIC READY TO EAT MACHINE
High Quality Plant Machinery Manufacturer
VISHWAKARMA INDUSTRIES
AMBIKAPUR ROAD, KATGHORA, DISTT. - KORBA (C.G.) 495445
Email: vew_ktg@yahoo.com, Mo. 9893535551, 9977093574
Branch Office Raipur: 9893840391

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरुपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि:- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

## खबर संक्षेप

### ग्राम सभा में उठा अवैध शराब बिक्री का मुद्दा



**खम्हरिया।** ग्राम पंचायत भवन कुकदा में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के मौके पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान गांव में शराब बंद करने व खुलेआम दारू बना कर बेचने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। इस पर सरपंच ने आश्वासन दिया एवं पुलिस के सहयोग से दारू बनाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही। इस अवसर पर सरपंच जितेंद्र नेताम, जनपद प्रतिनिधि अजय पांडेय, उपसरपंच दीपक पाटनवार, पंच राकेश लहषर्ण सहित गांव की महिलाएं उपस्थित रहीं।

### सेवा सहकारी समिति में वरिष्ठ कृषकों का सम्मान



**तखतपुर।** सेवा सहकारी समिति तखतपुर में वरिष्ठ कृषकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष शिव कुमार ठाकुर ने कहा कि, कृषक देश की रीढ़ हड्डी हैं। कृषकों के कारण ही आज देश संपन्न राष्ट्र के रूप में पहचाना जाता है। कृषकों के हितों का ख्याल रखते हुए भाजपा की वर्तमान सरकार सम्मान निधि के देकर कृषकों का सम्मान कर रही है। कृषकों की मेहनत का एक-एक दाना राज्य सरकार तय करती है। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक अरूण सिंह तोमर, भगवान सिंह ठाकुर, भोला सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भक्ति भाव के साथ श्रीमद् देवी भागवत कथा संपन्न



**दगोरी।** बाजार चौक दुर्गा पांडाल में दुर्गा समिति तथा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से क्वांर नवरात्रि पर श्रीमद देवी भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचिका देवी भक्ति द्विवेदी ने संगीतमय वाणी में सुमधुर कथा का रसपान कराया। कथा के दौरान सभी पात्रों का सुंदर सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा व भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया। कथा के मुख्य यजमान उर्मिला-गंगा निर्मलकर थे।कथा के अंतिम दिन ग्राम की सैकड़ों महिलाओं, बालिकाओं ने सिर पर कलश नारियल रखकर गाजे-बाजे के साथ बाबा तालाब से जल भरकर सहस्त्रधारा के लिए लाया। इसके बाद तुलसी वर्षा का आयोजन किया गया एवं हवन के साथ सहस्त्रधारा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात आचार्य पं हेमंत गोस्वामी ने मंत्रोपचार के साथ आरती व पूजा-पाठ संपन्न कराया। बड़े ही उत्साह एवं श्रद्धा भक्ति भाव से कथा का संपन्न हुई।

### बढ़ी हुई बिजली दरों के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन



**पेंड्रा।** प्रदेश में बिजली कटौती एवं बढ़ते बिजली बिल के खिलाफ युवा कांग्रेस ने गौरेला के संजय चौक में प्रदर्शन किया। प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सहप्रभारी डॉ मोनिका मांडरे और प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार इस आंदोलन का आयोजन किया गया था। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन शर्मा ने कहा कि, प्रदेश में बिजली की दरें लगातार बढ़ाई जा रही हैं, जिससे आम जनता का घरेलू बजट चरमरा गया है। इस विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तम वासुदेव, कुक्कू साठे, निलेश साहू, बाला कश्यप, जिला युकां उपाध्यक्ष एवनपाल पैकरा, जिला महासचिव रवि राय, प्रीति मांझी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, यश शर्मा, कलीराम मांझी, मनोज साहू, लालू पुरी, बलदेव, राहुल तिवारी, देव लाल, शिवा राठौर, असलम, भुनेश्वर, अनुज ताम्रकार, अनस, सलमान, सूरज सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं युकांई शामिल हुए।

### लालबहादुर शास्त्री ने बताई जवान व किसान की महत्ता




**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भाजपा कार्यालय में मनाई। गांधी व शास्त्री के योगदानों को याद करते हुए विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि महात्मा गांधी के त्याग, बलिदान और आदर्श को याद करते हुए कहा कि बापू के सत्य, अहिंसा व आदर्श को पूरा विश्व याद करता है। हमे उनके सुझाय मार्गो का अनुसरण करना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि लालबहादुर शास्त्री के जय जवान, जय किसान का नारा देश के लिए समर्पित कर जवान और किसान की महता बताई थी।

चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर खाने से दूर होते हैं रोग

# शरद पूर्णिमा कल, 16 कलाओं से युक्त रहेगा चंद्रमा, की जाएगी लक्ष्मी पूजा

**बिलासपुर।** आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि 6 अक्टूबर शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी। इस दिन चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से युक्त होकर अमृत वर्षा करता है। मान्यता है कि चंद्रमा की रोशनी में रखी खीर खाने से रोग दूर होते हैं। शरद पूर्णिमा पर मां लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। राशि अनुसार मंत्रों का जप और भोग लगाने से सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मिलता है।

आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि छह अक्टूबर को दोपहर 12:23 बजे से प्रारंभ होकर दूसरे दिन सात अक्टूबर 2025 को प्रातः 9 बजकर 16 बजे तक रहेगी। ऐसे में शरद पूर्णिमा का पावन पर्व छह अक्टूबर को मनाया जाएगा। शरद पूर्णिमा जिसे कोजागर पूजा के नाम से भी जाना जाता है, उसके लिए शुभ मुहूर्त छह अक्टूबर को रात्रि 11:45 बजे से लेकर सात अक्टूबर को पूर्वाह्न



12:34 बजे तक रहेगा। छह अक्टूबर को चंद्रोदय शाम को पांच बजकर 27 बजे होगा। पौराणिक महत्व के अनुसार इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत बूंदें झरती हैं। पूर्णिमा की रात में जिस भी चीज पर चंद्रमा की किरणें गिरती हैं। उसमें अमृत का संचार होता है। इसलिए शरद पूर्णिमा की रात में खीर बनाकर पूरी रात चंद्रमा की रोशनी में खीर को रखा जाता है और सुबह उठकर यह खीर प्रसाद के रूप में ग्रहण की जाती है।

### ब्राम्हण समाज का शरदोत्सव सम्मान समारोह आज

आदर्श विप्रजन छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद बिलासपुर एवं छग. सरयूपारीण ब्राह्मण नारी कल्याण समाज के संयुक्त तत्वावधान में शरदोत्सव एवं परिवार महासम्मेलन का आयोजन 5 अक्टूबर रविवार को शाम 5 से रात्रि 9 बजे तक अशोक वाटिका अशोकनगर सरकंडा में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला होंगे। इस दिन शाम को 5 से 6 बजे तक संगीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम, 6 से 7 बजे तक परिचर्चा हेतु खुला मंच, 7 से 9 बजे तक सम्मान समारोह, 9 बजे से रात्रि स्नेह भोज होगा।

### सुहागन व पूर्णिमा पूजा कल

लायंस क्लब मिडटाउन द्वारा शरद पूर्णिमा पर अक्टूबर माह की मीटिंग के साथ सुहागन एवं पूर्णिमा पूजा का आयोजन 6 अक्टूबर सोमवार को किया जा रहा है। दोपहर साढ़े 11 से 12 बजे तक पंचुअल का समय रखा गया है। हॉटल एमरॉल्ड में आयोजित इस कार्यक्रम में ड्रेसकोड मैहरून साड़ी या सूट के साथ चुनरी, नथ, बिंदियां रखा गया है। पूजा में विशेष अतिथि के रूप में शशि अमर अग्रवाल उपस्थित रहेंगी।

### निःशुल्क बांटी जाएगी श्वांस, दमा की औषधि

वैद्यनाथ दवाई दुकान में शरद पूर्णिमा पर निःशुल्क दवाईयां



उपलब्ध कराई जाएगी। इस दवाई से श्वांस, दमा के मरीजों को अप्रत्याशित लाभ मिलता है। इन मरीजों को लगातार 3 वर्षो तक दवा का सेवन करना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सक डा. नरेन्द्र शर्मा जूनी लाइन ने बताया कि उक्त दवाई लेने अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा, शिवरीनारायण से लोग आते हैं। शरद पूर्णिमा की रात्रि को खीर में उक्त दवा का सेवन किया जाता है। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा में रात्रि को अमृत की वर्षा होती है जिसमें खीर मिश्रित दवाईयां लाभ पहुंचाती है।

## जब हौसले हो बुलंद हों तो खुद के हाथों में होता है रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव



नगर पंचायत बरेला की बेटी सिंधिया रानी गृहणी होने के साथ स्वयं का रोजगार शुरू करने अनेक स्थानों पर भटकती रहीं। कहीं से कोई सहयोग न रोजगार मिल पा रहा था, लेकिन उनके मन में एक विश्वास बना हुआ था। इसके लिए उन्होंने घर के उपयोग के लिए अचार बनाना शुरू किया।

उनके अचार को खाकर लोग तारीफ करते थे। यहीं से उनके मन में आया कि क्यों न अचार बनाने का काम शुरू किया जाए। फिर उन्होंने घर में आम, आंवला, नींबू, लहसुन मिर्च, टमाटर, अदरक विभिन्न प्रकार का अचार बनाना शुरू किया। धीरे धीरे आसपास के लोगों तक अचार पहुंचाया गया। लोगों को पसंद आने लगा उसके बाद उन्हें सिंधु देसी अचार नाम से आचार का प्रॉडक्शन चालू करने लगी। उन्होंने बताया कि समय निकाल कर घर में ही देशी आचार बनाया जा रहा जिस किसी को पसंद आता है उनके ऑर्डर के अनुसार दे दिया जाता है । अब रोजगार की कोई चिंता नहीं है मैं स्वयं ही नहीं बल्कि महिलाओं को जोड़कर उन्हें भी काम का अवसर देकर सिंधु देशी आचार का प्रॉडक्शन वृहद रूप में करे ताकि अनेक गृहणी महिलाएं अपने किचन से काम शुरू कर सकें।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल



**लालपुर।** वाहन चेकिंग के दैरान पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कंतेली निवासी सरोज कुमार पिता देवनाथ उम्र 42 वर्ष ने लालपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 29 सितंबर की रात 10 बजे वह अपनी बाइक सीजी 28-4135 को घर के सामने आंगन में खड़ी कर सो गया था।

रात लगभग 2.30 बजे उसने उठकर देखा तो आंगन में रखी मोटर सायकल गायब थी। साथ ही उसने देखा कि, सामने लोहे का गेट खुला था। उसने आसपास देखा लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चोर की तलाश शुरू की। 3 अक्टूबर को थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान एक बाइक चालक को रोककर वाहन के दस्तावेज की जांच की गई तो वाहन चोरी का होना पाया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने ग्राम कंतेली से बाइक की चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने बाइक सीजी-28-4135 को जब्त कर आरोपी शिवकुमार उर्फ पप्पू डहरिया पिता शंभू उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम राजपुर थाना लालपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। आरोपी वर्तमान में सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मगरपारा में रहता है।

आरोपी का पूर्व अपराधिक रिकॉर्ड- आरोपी शिवकुमार उर्फ पप्पू डहरिया का पूर्व अपराधिक रिकार्ड की जांच की गई तो जिसके विरूद्ध सिटी कोतवाली मुंगेली में धारा 303(2), 317(2), 3(5) एवं तथा तखतपुर में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया।

## गोठानों को फिर से शुरू करे सरकार: वर्मा




- गौवंशों की मौत व तस्करी पर जिला कांग्रेस की पत्रकार वार्ता

**मुंगेली।** प्रदेश भर में हो रही गौतस्करी और सड़क हादसों में हो रही गौवंशों की मौत को लेकर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि भाजपा की सरकार बनने के बाद बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था किए कांग्रेस सरकार की ओर से चलाई जा रही गौठान योजना और गोबर खरीदी योजना को बंद कर दिया गया। इस कारण महज पिछले पौने दो साल में चारे व पानी के अभाव में भूख से तथा खुले में घूमने के कारण सड़कों पर एक्सीडेंट से बड़ी संख्या में गायों की लगातार मौतें हो रही हैं।

छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तब गायों की रक्षा के लिए गोठान बनाए गए, गोबर खरीदी शुरू किया, ताकि लोग गायों का पालन पोषण करे, उनकी आय का जरिया बने। भाजपा की सरकार ने गोठान बंद कर दिया। विकल्प के तौर पर पहले गो अभ्यारण्य बनाने की बात की गई, फिर गोधाम बनाने का निर्णय हुआ। न गो अभ्यारण्य बनाया गया, और न ही गो धाम बनाया गया। उन्होंने कहा कि, कि कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि पिछले पौने दो साल में प्रदेश से गायब लगभग 5 लाख गोवंश के बारे में सरकार स्पष्टीकरण दे। सरकार 2023 के पहले के सभी 10 हजार 800 गौठानों को पुनः शुरू करें। गोठानों में चारा पानी की सुरक्षित व्यवस्था किया जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, थानेश्वर साहू, संजीत बनर्जी, श्याम जायसवाल, स्वतंत्र मिश्रा, दिलीप बंजारा, संजय यादव, लोकराम साहू, उर्मिला यादव, दीपक गुप्ता, अरविंद वैष्णव, जित्तू श्रीवास्तव, दिलीप कौशिक, इंद्रजीत कुर्रे, जलेश यादव, टीपू खान, राजेन्द्र यादव, बलराम यादव, नीरज यादव, मिथलेश चंद्राकर, विष्णु खाण्डे, भूपेन्द्र साहू, अनिता विश्वकर्मा, आशुतोष पाण्डेय, शौकतअली, रसीद खान, शिवधृतलहरे सहित कांग्रेसी मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण मंदिर परिसर में अवैध निर्माण, लोगों में आक्रोश



**करगी रोड कोटा।** कोटसागर पारा वार्ड क्रमांक 14 में यादव समाज की ओर से निर्मित भगवान श्रीकृष्ण का प्राचीन मंदिर समाज की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। यह मंदिर 48 गांवों के यादव समाज के सहयोग से बनाया गया था, और लगातार समाज इसका संरक्षण एवं देखरेख करते आ रहा है।

मंदिर प्रांगण में बने पार्किंग स्थल पर अवैध अतिक्रमण का मामला सामने आया है। बताया गया है कि, वार्ड क्रमांक 15 पार्षद पुष्पा पालके के पति कौशल पालके यहां अवैध निर्माण कार्य रहा है। जब यादव समाज के लोगों ने आपत्ति जताई तो उनको धमकी देकर डराने-धमकाने की कोशिश की गई।

मामले की शिकायत अनुविगीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, थाने व नगर पंचायत में शिकायत दर्ज कराआ गई है।समाज को लोगों का जनों का कहना है कि, संवैधानिक पद पर रहते हुए पार्षद के परिवार द्वारा किया गया यह कृत्य निंदनीय और असंवैधानिक है। लोगों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर अतिक्रमण हटाने एवं मंदिर प्रांगण की पवित्रता बनाए रखने की मांग की है।

## सशिमं में तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ



**मुंगेली।** विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत सत्संग आयाम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग विवेक विहार पेण्डाराकापा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में 3 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ। तीन दिवसीय वर्ग का प्रारंभ भारत माता एवं राम दरबार के चित्र फलक के समक्ष पूजन अर्चन से किया गया।

अतिथियों के स्वागत के पश्चात उद्बोधन के क्रम में सहज सरल ढंग से केंद्रीय मंत्री बसंत रथ के द्वारा परिभाषित किया गया। पंच परिवर्तन को लेकर स्वबोध नागरिक कर्तव्य पर्यावरण विभिन्न विषयों पर प्रकाश डालें। सुबह श्रीराम प्रभात फेरी के द्वारा सत्संग संकीर्तन फेरी करते हुए विजय महामंत्र जय घोष के साथ वर्ग स्थल सरस्वती शिशु मंदिर में समापन किया गया। शाखा का कार्यक्रम विधिवत ध्वज लगाकर भारत माता की प्रार्थना के साथ किया गया। इस अवसर पर बसंत रथ केंद्रीय मंत्री अखिल भारतीय सत्संग प्रमुख प्रचारक सुनील वर्मा, प्रांत सत्संग प्रमुख श्रीमती प्रेमलता बिसेन, सुनीता सुनसारे, विभाग संयोजिका यशवंत परिहार, विभाग सहमंत्री जिला अध्यक्ष विहिप, दिनेश सोनी, मंत्री पद्मराज सिंह, सहमंत्री मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष पुहुप राम साहू, जिला विशेष संपर्क प्रमुख ब्रह्मदत्त त्रिपाठी, जिला सह मंत्री पूनम राजपूत, जिला प्रचार प्रमुख प्रवीण सोनी, राजेश सिंह, इंद्राज सिंह, बलदेव पाटले, प्रकाश संतवाणी, कोषाध्यक्ष विहिप जानवी सिंह, जिला सह संयोजिका चैतराम साहू, जिला सत्संग प्रमुख एवं 50 प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

### व्यापारियों ने दी डोर टू डोर दस्तक

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला में विधायक पुन्नू लाल मोहले की उपस्थिति में जीएसटी के संबंध में लोगों तक जानकारी पहुंचाने आभार एवं जन जागरूकता रैली निकालकर डोर टू डोर दिया संपर्क किया गया। व्यापारियों को जानकारी दी गई। मंडल अध्यक्ष बंटी जायसवाल, नगर अध्यक्ष नरेश पटेल के नेतृत्व में एक दिवसीय जन जागरूकता रैली निकालकर चौक चौराहों में आम जन को संबोधित किया। बरेला में आम नागरिकों को आग्रह किया गया कि अपने अपने घरों से बाहर निकल कर जीएसटी संदेश को अवश्य सुनें। विधायक पुन्नू लाल मोहले ने आम जन को संबोधित करते हुए कहा कि जीएसटी का यह सौगात आप सभी के लिए दीपावली उपहार है। कुछ भी सामान खरीदने से पहले सामान के मूल्य का जांच अवश्य करें ताकि हर व्यक्ति को लाभ मिल सके। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, विजय दीवान, संजय निर्मलकर, राकेश सिंह बेस, नोहर सिंह ठाकुर राजकुमार साहू, संजय धुरी, डॉ रामकुमार साहू, नागेश्वर बंटी जायसवाल, नितेश पटेल, हीरा पटेल, पवन पटेल, टिंगू निर्मलकर, हेमंत पटेल, जगदीश साहू, राजिम पटेल, कार्तिक मंडल, दुर्गेश साहू, थाना प्रभारी नंदलाल पैकरा, आरआई तुला राम डिंडोरे के साथ नगर जन मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुजन।

**सेतगंगा/मुंगेली।** खैरा सेतगंगा में डॉ. श्रीराम शर्मा निवास में श्रीमद् भागवत कथा शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हो गई है। उत्तराधिकारी अलोपी बाग, प्रयागराज के कथा वाचक स्वामी अहोविल प्रपन्नाचार्य भागवत कथा करेंगे। कलश यात्रा बाजे-गाजे के साथ निकाली गई। बड़ी संख्या में कन्याएं और महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर यात्रा में शामिल हुई।

कलश यात्रा कस्बे के मुख्य मार्ग से गुजरती हुई अद्वितीय पौराणिक ऐतिहासिक प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान कर कुण्ड से निर्मल शीतल, पवित्र जल कलश में भर कर लाने के बाद आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चारण के साथ कलश स्थापित किया गया। आयोजन स्व. रतन शर्मा के वार्षिक श्राध्द पर डॉ रामजी शर्मा व श्रीमति सुनीता शर्मा एवं परिवार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। कथा का मुख्य यजमान रामकुमार शर्मा, श्रीमती कृष्णा शर्मा है। कथा वाचक प्रपन्नाचार्य ने उपस्थित भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की जानकारी देते हुए कहा कि सभी कथाओं में भागवत कथा श्रेष्ठ है। जिस स्थल पर कथा का आयोजन होता है वह स्थल तीर्थ स्थल कहलाता है।

कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों का पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मो का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म व मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है। इस मौके पर सुनीता रामजी शर्मा, कृष्णा रामकुमार शर्मा, संतोषी रामलोचन शर्मा, श्रीमती लता शर्मा, मनोज शर्मा, प्रमोद शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, ब्रूशी लुशी शर्मा, दीपांशु शर्मा, नरेंद्र शर्मा, गनपत शर्मा, ओम शर्मा, प्रदीप शर्मा, भानु दीक्षित, गोपी किशन तिवारी, आशीष शर्मा पूरे शर्मा परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कार्यप्रणाली व कर्मचारियों की उपस्थिति की ली जानकारी

# कलेक्टर ने किया शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसडीएम कार्यालय मुंगेली, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर अधिकारी–कर्मचारियों की समय पर कार्यालय में उपस्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने सबसे पहले एसडीएम कार्यालय पहुंचकर वहां कार्यालयीन कार्यप्रणाली, कर्मचारियों की उपस्थिति, लंबित राजस्व प्रकरणों और



कार्यालय का निरीक्षण करते कलेक्टर

उनके निराकरण की स्थिति का जायजा लिया और समयबद्धता के साथ कार्यालयीन कार्योर् में पारदर्शिता लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशानुसार अब सभी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी।

तय समय पर कार्यालय पहुंचना और निर्धारित समय तक उपस्थिति दर्ज करना आवश्यक है। समय-सीमा के बाद अंगूठा लगाने पर अनुपस्थिति दर्ज की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि कार्यालयों की कार्यक्षमता और आमजन की सुविधा के लिए अनुशासन एवं समय पालन बेहद जरूरी है। लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसडीएम अजय शतरंज सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नगर के उभरते गायकों ने दी शानदार प्रस्तुति, श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

**करगीरोड कोटा।** नगर के उभरते गायकों ने दशहरा पर्व पर शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। आदिशक्ति दुर्गोत्सव समिति के बैनर तले नगर के उभरते हुए प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से माहौल को संगीतमय बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ी जसगीतों से लेकर बॉलीवुड गीतों तक की विविध प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ी जसगीतों से हुई, जिसमें रोहित ठाकुर, राजा साहू और उत्तम सरकार ने बेहतरीन गायकी का नमूना पेश किया। इसके बाद बी जॉन और मोहम्मद जावेद खान के बॉलीवुड गीतों ने ऐसा रंग जमाया कि, दर्शक खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सिंगर गुड़ी पांडेय, जग्गा पांडेय, राकेश त्रिवेदी और रज्जब खान ने भी अपनी गायकी से सभी का दिल जीत लिया।

छत्तीसगढ़ी, देशभक्ति, हिंदी और बॉलीवुड गीतों के तड़के से पूरा वातावरण संगीतमय और आनंदमय हो उठा। स्थानीय गीतकारों और कलाकारों ने इस अवसर पर कहा कि नगर की दुर्गोउत्सव समितियों की स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने की यह पहल सराहनीय है। हमारे नगर के युवा कलाकार भी सशक्त और समर्पित हैं, अवसर मिलने पर वे बड़े शहरों के गायकों से कम साबित नहीं होंगे।